श्री तंत्रदुर्गासप्तशती

(सप्तशत्या गुह्यबीजनामावलि)



डॉ॰ रामचन्द्र पुरी
वेदान्ताचार्य

।। श्रीः ।।

व्रजजीवन प्राच्यभारती ग्रन्थमाला

130

श्रीतन्त्रदुर्गासप्तशती

(सप्तशत्या गुह्यबीजनामावलि)

लेखक

डॉ. रामचन्द्र पुरी

चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान

दिल्ली

श्रीतन्त्रदुर्गासप्तशती (सप्तशत्या गुह्यबीजनामावलि)

प्रकाशक
चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान
38 यू. ए. जवाहरनगर, बंगलो रोड
पो. बा. नं. 2113
दिल्ली-110007
दूरभाष : 23856391; 41530902

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
प्रथम संस्करण 1998
मूल्य 200.00

अन्य प्राप्तिस्थान
चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बैंक ऑफ बडौदा भवन के पीछे)
पो. बा. नं. 1069
वाराणसी-221001

चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन
के. 37/117 गोपालमन्दिर लेन
पो. बा. नं. 1129
वाराणसी-221001

चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस
4697/2, भू-तल (ग्राउण्ड फ्लोर)
गली नं. 21-ए, अंसारी रोड
दरियागंज, नई दिल्ली-110002

इदं न मम

शारदीय नवरात्रों में 'तंत्रदुर्गासप्तशती' नामक पुस्तक की एक फोटो स्टेट प्रति प्रिय सुरेश आनन्द ने लाकर दी। यह प्रति साफ न थी, बहुत से बीजाक्षरों की मात्राएं अस्पष्ट थीं जैसे, ह्रां, ह्रीं और ह्रौं आदि में कई जगह यह निश्चय कर पाना सरल न था कि वास्तव में यहां कौन सा बीजाक्षर है। पुस्तक किन्हीं पं॰ शिवदत्त शास्त्री द्वारा छपाई गई थी। इसमें 'दुर्गासप्तशती' के सात सौ श्लोक बीजमंत्रों के रूप में थे। श्री शास्त्री ने अपनी प्रस्तावना में लिखा था कि उन्होंने संवत् 2000 के आश्विन मास में उक्त 'तंत्रदुर्गासप्तशती' के बीजमंत्र विन्ध्याचल में साधनारत एक महात्माजी की हस्तलिखित पुस्तिका से उतारे हैं। शास्त्री जी के अनुसार प्रचलित दुर्गासप्तशती के श्लोकों का परिणत बीजरूप ही 'तंत्रदुर्गासप्तशती' है।

'तंत्रदुर्गासप्तशती' के बारे में मुझे कुछ भी ज्ञात न था। यह अद्भुत और अश्रुतपूर्व थी। मैंने पं॰ गोपीनाथ कविराज द्वारा संकलित 'तांत्रिक साहित्य' तथा तंत्र एवं शाक्त–साधना विषयक साहित्य में इसकी खोज की, कई साधकों, विद्वानों, हरिद्वार कुंभ में आये साधु–सन्यासियों, महामंडलेश्वरों आदि से साक्षात् और दूरभाष से संपर्क कर 'तंत्रदुर्गासप्तशती' के बारे में जानकारी चाही, लेकिन, सबका केवल एक ही जबाव था 'इसके बारे में हमें कुछ भी ज्ञात नहीं।'

फिर भी, शाक्त–उपासकों के कौल और समयाचार में प्रचलित अद्भुत और अकल्पनीय बीजमंत्रों से संपन्न 'तंत्रदुर्गासप्तशती' को सम्पादित कर उसे सही–सही रूप में प्रकाशित करने की आकांक्षा

जगी। लेकिन साधना संबन्धी कोई ग्रन्थ यदि मान्य विद्वानों और साधकों के लिए 'श्रवणायापि बहुभि र्यो न लब्धः' की स्थिति में हो, तो उसका प्रकाशन निरर्थक होगा, ऐसा भी सोचता रहा। पुस्तक की प्रामाणिकता के बारे में भी मुझे संदेह था।

हरिद्वार के महाकुंभ के अवसर पर कई विद्वानों, साधकों, शक्तिपीठाधीश्वरों तथा महामण्डलेश्वर सन्यासि–विद्वद्वर्ग ने परामर्श दिया कि मैं संन्यासी जगत् के सर्वोच्च विद्वान् और भगवती श्री के उपासक स्वामी काशिकानन्द जी से मिल लूं और यदि वे इस ग्रन्थ को प्रामाणिक मान लें, तो निःसंदेह यह प्रामाणिक है, भले ही इसका उल्लेख कहीं न मिल रहा हो।

पूज्य स्वामी श्री काशिकानन्द जी से सूरत गिरि बंगले में मिला। उन्होंने पुस्तक देखी और इसे प्रामाणिक एवं परंपरित बताया। उन्होंने इसे प्रकाशित करने का परामर्श भी दिया।

इन साधकों और विद्वानों के समर्थन से उत्साह मिला। सम्पादन (बीजाक्षरों के सही रूप के निर्धारण, संशोधन आदि) का कार्य प्रारम्भ कर दिया। सतत अध्यवसाय से अवगत हुआ कि 'तंत्रदुर्गासप्तशती' के बीजों का संयोजन बड़े वैज्ञानिक रूप से हुआ है। उदाहरण के लिए दुर्गासप्तशती के 'ऋषिरुवाच, राजोवाच, वैश्य उवाच, मार्कण्डेय उवाच, देव्युवाच, देवा ऊचुः आदि श्लोकों के बीजाक्षर–क्रमशः श्रौं, रौं, वैं, श्रीं, ह्रीं, ह्सौं आदि प्रायः सर्वत्र एक रूप ही हैं।

कुछेक अपवाद स्थलों पर जहां ऐसा नहीं था, वहां ये बीज इन श्लोकों के सन्निकट आगे या पीछे मिले, जिन्हें यथास्थान रखना जरूरी था। कहीं–कहीं वर्तमान में प्रचलित दुर्गासप्तशती के श्लोकों की संख्या में संशोधन कर देने पर बीजमंत्रों की स्थिति सही हो जाती है। मैंने ऐसा संशोधन किया है, और इसके लिए मुझे प्रामाणिक आधार भी मिल गये हैं। स्पष्टतः गीताप्रेस और अन्यत्र प्रकाशित एवं हस्तलिखित प्रतियों में पर्याप्त पाठान्तर एवं श्लोकसंख्यान्तर हैं। ऐसी प्रतियां मेरे पास हैं।

'तंत्रदुर्गासप्तशती' के बीजमंत्रों के अध्ययन–मनन के सन्दर्भ में अपने प्राचीन साहित्य, विशेषरूप से 'औपनिषदिक साहित्य' के

पुनरावलोकन की भी आवश्यकता महसूस हुई। विशाल उपनिषत् साहित्य में बहुत से उपनिषत् तंत्र–योग और शाक्तादि उपासनाओं के प्रतिपादक हैं और इनमें बीजाक्षरों और बीजमंत्रों का विस्तृत विवरण–विवेचन है।

किन्तु, आचार्य भगवत्पाद आद्य शंकराचार्य ने जिन एकादश उपनिषदों पर भाष्य लिखे हैं, उनका अध्ययन केवल दार्शनिक एवं वैचारिक स्तर पर किया जाता रहा है। श्वेताश्वतर उपनिषद् को छोड़ कर अन्य उपनिषदों के साधनापक्ष की उपेक्षा ही की गई है, और आज भी की जा रही है।

'तंत्रदुर्गासप्तशती' के अध्ययन–मनन के समय मेरा ध्यान उपनिषदों, (विशेषरूप से कठोपनिषद्), के साधनापक्ष की ओर आकर्षित हुआ। मुझे लगा यम–नचिकेता संवाद में भगवती महामाया की साधना–सरणि का विवेचन है। इस उपनिषद् की श्रुतियों में मुझे स्थान–स्थान पर भगवती महामाया के 'बीजनाम' झांकते मिले। मुझे ऐसा भी महसूस हुआ कि 'तंत्रदुर्गासप्तशती' दुर्गासप्तशती का बीजरूपान्तरण नहीं, बल्कि 'दुर्गासप्तशती' बीजरूप 'तंत्रदुर्गासप्तशती' का ही अंकुरित–पल्लवित रूप है, वटबीज से विकसित वटवृक्ष की भांति। वास्तव में, मूलरूप भगवती के बीजनाम हैं, और दुर्गासप्तशती का समस्त कथानक उसका विकसित रूप। आख्यायिका प्ररोचना या सुखावबोधकार्थक है। मैंने तंत्रदुर्गासप्तशती के ह्रीं, क्लीं, श्रीं, ऐं तथा स्त्रीं इन पांच बीजनामों के विवेचन के प्रसंग में अपनी इस धारणा के लिए पुष्ट प्रमाण दिये हैं।

पुस्तक अन्तिम रूप से टंकित हो जाने के बाद प्रख्यात तपस्वी एवं ज्योतिर्विद् पं० गिरीशचन्द्र जी बडोनी से दुर्गासप्तशती की एक प्राचीन प्रति (खंडित) उपलब्ध हुई जिसमें प्रत्येक श्लोक के पूर्व उसके बीजमंत्र का उल्लेख है। इस पुस्तक की प्राप्ति से 'तंत्रदुर्गासप्तशती' के बारे में मेरे मन में घुमड़ रहे प्रमाणिकता/अप्रमाणिकता विषयक संशय–मेघ छट गये।

पं० गिरीशचन्द्र वाली प्रति प्राप्त होने पर पं०शिवदत्त शास्त्री की प्रति की फोटोस्टेट की कमियां दूर करने में बहुत मदद मिली, साथ ही

दोनों प्रतियों के बीजमंत्रों का मिलान करके पाठान्तरों के उल्लेख का अवसर भी प्राप्त हुआ। मैंने पं॰ शिवदत्त वाली प्रति को 'क पुस्तक' तथा पं॰ गिरीशचन्द्र' की पुस्तक को 'ख पुस्तक' नाम देकर यथोचित पाठसंशोधन और पाठभेदों का उल्लेख करके पुस्तक को यथाशक्ति शुद्ध और प्रामाणिक रूप देने का प्रयास किया।

प्रकाशन के लिए जब पुस्तक तैयार कर ली गई तो प्रसिद्ध ज्योतिर्विद् श्री भैरव प्रसाद 'दीप' से 'सप्तशतीमंत्र' नामक एक प्राचीन लघु पुस्तक की फोटोस्टेट प्रति उपलब्ध हुई, जिसमें तंत्रदुर्गासप्तशती के बीजमंत्र हैं। इस पुस्तक का यत्किंचित् उपयोग फुटनोट में 'ग पुस्तक' के संकेत के साथ मैंने किया है।

'तंत्रदुर्गासप्तशती' के कम्प्यूटर टंकण का कार्य अन्तिम रूप से समाप्त हो जाने पर मेरे सौभाग्य से द्वारिका एवं ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द जी हरिद्वार आये तो मैंने यह पुस्तक उन्हें दिखाई। पूज्य श्री शंकराचार्य जी के विचार पाठक इस पुस्तक में 'आशीर्वचन' के रूप में देख सकते हैं।

इसी स्थल पर आभार प्रदर्शित करना भी आवश्यक है। आभार प्रदर्शन केवल 'प्रदर्शन' नहीं है, मेरे लिए। यह महान् गुरुओं, साथियों और सहयोगियों के प्रति मेरी विनत कृतज्ञता है। क्योंकि इस पुस्तक में जो कुछ है, वह इन्हीं सबका है, मेरा कुछ नहीं—'इदं न मम'।

इसी भावना के साथ मैं अपने महान् गुरुद्वय परम पूज्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वयंज्योति तीर्थ जी (ज्ञानसाधन आश्रम, भरुच) तथा शक्तिपात दीक्षागुरु प्रातः स्मरणीय महान् योगी ब्रह्मलीन स्वामी श्री विष्णु तीर्थ जी (देवास) की अहैतुकी कृपा के लिये कृतज्ञ हूं। इन महान् गुरुजनों के आशीष के बिना मेरा समस्त शास्त्रीय ज्ञान अर्थ की अनुभूति से रहित मात्र 'शब्द' ही रह जाता।

मैं आभारी पूज्यपाद जगत् गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती का भी हूं, जिन्होंने पुस्तक की आशीर्वादात्मक प्रस्तावना लिख कर मुझे अनुगृहीत किया। मैं आभारी हूं डॉ॰ प्रो॰ विष्णुदत्त राकेश का पुस्तक की 'प्ररोचना' और उनकी संशयोच्छेदिप्रेरणा के लिए।

श्री देव स्वामी (मंगल आश्रम कनखल) और श्री कल्याणानन्द

सरस्वती (मानव कल्याण आश्रम कनखल) की सारस्वत कृपा के लिए भी मैं आभारी हूं, जिसके बिना आचार्य भगवत्पाद का आशीर्वाद मिलना संभव न था।

आनन्द टेंट हाउस के स्वामी श्री सुरेश आनन्द का आभारी हूं। इसलिए कि वे ही भगवती की कृपाधारा (तंत्रदुर्गासप्तशती) मुझ तक लाने के माध्यम बने।

भगवती दुर्गा डॉ॰ मधुसूदन शर्मा के माध्यम से मुझे निरन्तर प्रेरित–उत्साहित करती रही हैं। पुस्तक की प्रामाणिकता के बारे में बार–बार हृदय को कुरेद रहे संशय कीट को ध्वस्त करने के लिये भगवती ने डॉ॰ शर्मा के द्वारा पं॰ गिरीश चन्द्र, को घर पर ला खड़ा कर किया। डॉ॰ मधुसूदन शर्मा की सतत–सक्रिय प्रेरणा के बिना पुस्तक का प्रकाशन संभव न हो पाता। मैं डॉ॰ शर्मा का हृदय से आभारी हूं।

इसी स्थल पर मैं श्री ईश्वर दत्त जी के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करता हूं, जिनके कारण 'प्रवर्तितः दीप इव प्रदीपात्' की परम्परा सरणि से पं॰ गिरीशचन्द्र से संपर्क हुआ। डॉ॰ टी॰ आर॰ सिंह के सहयोग के लिये भी मैं कृतज्ञ हूँ।

'बिग बाईट कम्प्यूटर्स' के नीरज रूहेला एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बृजमोहनी के प्रति आभारी हूँ ,जो अनेक दबावों के बावजूद 'तंत्रदुर्गासप्तशती' का टंकण करके पुस्तक को शुद्ध रूप में लाने के लिये श्रेय के भागी हैं।

भगवती महागौरी की आनन्द–लहरी की लघु सिहरन, (जिसके बिना यह जन 'अर्धबृगल' ही रह जाता) अपनी अर्धांगिनी मीरा के प्रति आभार व्यक्त करना केवल औपचारिकता ही होगी। वास्तव में, इस पुस्तक के सम्पादन का बहुत सारा श्रेय मीरा को ही जाता है, मैं तो निमित्त भर रहा हूँ।

रामचन्द्र पुरी

आशीर्वचनम्

हमारे वैदिक साहित्य में तीन कांड हैं, कर्म–कांड, उपासना–कांड और ज्ञान–कांड। कर्म–कांड दो भागों में विभाजित है। जैसे कुछ कर्म कल्प–सूत्रों के आधार पर ब्राह्मण ग्रन्थों में विधान के अनुसार वैदिक देवता और द्रव्य के साथ विस्तार से वर्णित हैं, उसी प्रकार वेदानुकूल तंत्रों के आधार पर विविध यज्ञों के रूप में भी उनका विस्तार किया गया है। उनके द्रव्य और देवता तंत्रानुसारी हैं।

तंत्र में तीन विषय मुख्य माने जाते हैं– यंत्र, मंत्र और तंत्र। आवरण सहित देवता की उपासना का आलम्बन यंत्र, देवता का शब्दमय स्वरूप मंत्र और उपासना का विधान तंत्र कहलाता है।

वैदिक सनातन धर्म के प्रतिपादक ग्रंथ निगम और आगम हैं। अनादि अपौरुषेय शब्दराशि को निगम कहा जाता है तथा ईश्वर के द्वारा उपदिष्ट विधानों को तंत्र या आगम कहा जाता है। लोक में भी तंत्र शब्द का प्रयोग शासन के अर्थ में ही होता है, जैसे राजतंत्र, लोकतंत्र आदि। शिवप्रोक्त शासन का नाम ही तंत्र है। तंत्र का वाङ्मय अत्यन्त विस्तृत है।

मंत्रों में बीजाक्षरों का प्राधान्य होता है। अकार से लेकर क्षकार पर्यन्त सभी अक्षर मंत्र बन जाते हैं। यहाँ तक कि अ से लेकर अः तक स्वराक्षरों के मिश्रण से उन वर्णो के बीजाक्षरों के अनेक रूप बनते हैं। उनके उच्चारण से हमारे प्राणें में जो कंपन होता है, उससे अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्ज़ा का सृजन होता है।

उपासना भी वैदिक तथा तांत्रिक दो भागों में विभक्त है। सनातन धर्म में जो भी उपासनाएँ चल रहीं हैं, वे मिश्र हैं। भगवान् श्री कृष्ण ने एकादश स्कन्ध में 'वैदिकी तांत्रिकी दीक्षा मदीयं व्रतधारणम्'

कह कर तंत्रों का समर्थन किया है। मन्दिरों में मूर्तियों के प्राण–प्रतिष्ठा के मंत्र तंत्रप्रोक्त ही हैं।

'देवो भूत्वा देवान् यजेत्' के सिद्धान्तानुसार उपासक भूसिद्धि, भूतसिद्धि तथा विविध न्यासों के द्वारा, जिनमें मातृका–न्यास, बहिश्चक्र–न्यास, अन्तश्चक्र–न्यास, सृष्टि–न्यास, स्थिति–न्यास, संहार–न्यास, षोढा–न्यास, तथा महाषोढा–न्यास मुख्य हैं, उपासना में प्रवृत्त होकर आत्म संस्कार करता है। इसी प्रकार पात्रासादन के द्वारा पूजाद्रव्यों के संस्कार का विधान है।

पात्रों में वर्द्धनीकलश, सामान्यार्घ्य, विशेषार्घ्य, गुरुपात्र तथा आत्मपात्र का संस्कार करके अन्तर्याग, इष्टदेवता का ध्यान, आवाहन, चतुष्षष्ठि उपचार पूजा, आवारण–पूजा, मंत्रजप तथा स्तोत्रपाठ का क्रमशः अनुष्ठान किया जाता है। तदनन्तर बीजाक्षरों सहित स्तोत्रपाठ किया जाता है। स्तोत्रपाठ सीधा–सीधा भी होता है और बीजाक्षरों सहित भी होता है।

दुर्गासप्तशती का बीजात्मक रूप तथा प्रचलित दुर्गासप्तशती का बीजाक्षरों सहित स्वरूप जो उपासकों में परम्परा से अनुष्ठित होता रहा है और जो गुरुमुखैक संवेद्य रहा है तथा इसी प्रकार के अन्य विषयों का अत्यन्त परिश्रम द्वारा अन्वेषण और तंत्रात्मक उपासना पद्धति के अत्यन्त दुलर्भ और गोपनीय विषयों को प्रकाशित करके डॉ० रामचन्द्र पुरी ने तंत्र के साधकों का उपकार किया है, जिसके लिए वे आशीर्वाद के पात्र हैं।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन से साधक प्रोत्साहित हों और आध्यात्मिक ऊर्जा सम्पन्न बनें, हमारी ऐसी शुभकामना है।

स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती
शंकराचार्य : द्वारिका एवं ज्योतिष्पीठ

प्ररोचना

श्री दुर्गा सप्तशती शाक्त साधकों का हृदय है। भोग और मोक्ष की सहज प्राप्ति के लिए शताब्दियों से साधक इस ग्रन्थरत्न का उपयोग करते रहे हैं। श्रुति, स्मृति तथा आगम प्रस्थान में भी सप्तशती का समान महत्त्व है, अतः समयाचारी तथा कौलाचार सम्पन्न साधक समान भाव से सप्तशती को साधना के लिए स्वतःप्रमाण मानकर श्रीदुर्गार्चन में प्रवृत्त होते रहे हैं।

दुर्गा नाम बड़ा महिमाशाली है। अथर्वशीर्ष श्रुति में 'दुर्गा देवीं शरणं प्रपद्यामहे' इसीलिए कहा गया है। रुद्रयामल तंत्रानुसार तो इसी पवित्र नाम का जप शिव भी करते हैं, वह पंचानन इसी नाम जापक रूप के कारण कहे भी जाते हैं–

दुर्गानाम जपो यस्य किं तस्य कथयामि ते,
अहं पञ्चाननः कान्ते तज्जापादेव सुव्रते।

भगवान् शिव के पाँचमुखों के नाम क्रमशः सद्योजात, वामदेव अघोर, तत्पुरुष तथा ईशान हैं। ये मुख मंत्रमय हैं, इन्हीं से शैवागमों तथा शाक्तागमों का उपदेश और विस्तार हुआ है। इन्हीं पञ्चमुखों से पञ्चाम्नायों का उद्भव हुआ। शिव को यह शक्ति दुर्गा के नाम जप के कारण ही मिली। 'गौरी त्वमेव शशिमौलिकृतप्रतिष्ठा' कहा भी गया है।

शाक्त उपासना और शक्तितत्त्व का निरूपण श्रुतियों में भी हुआ है। यजुर्वेद के चालीसवें अध्याय में शक्तिकारणवाद का निरूपण हुआ है। आचार्य श्रेष्ठ श्री शंकराचार्य ने सौन्दर्यलहरी में स्पष्ट कहा था कि शक्तियुक्त ब्रह्म ही कार्य करने में समर्थ होता है, शक्ति के अभाव में वह कुछ भी नहीं कर सकता–

शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुं,
न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि।

इस प्रकार सम्पूर्ण दृश्य–अदृश्य शक्तिमय दिखाई पड़ता है। 'ईशावास्यमिदं सर्वम्' श्रुति की व्याख्या करते हुए शाक्ताचार्य श्री जगन्नाथ तर्कपञ्चानन ने

ब्रह्मसूत्र भाष्य में पराशक्ति का प्रसार सम्पूर्ण विश्व में माना है। वह 'ईशावास्यम्' का अर्थ 'ईशाया आवास्यम्' अर्थात् 'पराशक्तिरूप परब्रह्म का आवास है यह सम्पूर्ण संसार', ऐसा करते हैं। अतः जो कुछ भी जगत् में उपलब्ध है, उसका उपयोग त्यागपूर्वक करनेवाला, उसे प्रसादरूप में ग्रहण करने वाला साधक ही पराम्बा की कृपा प्राप्त करता है। कीलक में इसी भाव को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जो साधक शाक्त दीक्षा लेकर कृष्णपक्ष की चतुर्दशी अथवा अष्टमी को एकाग्रचित्त होकर भगवती की सेवा में स्व अर्जित–संचित सर्वस्व समर्पित कर देता है तथा फिर उससे अधिकार हटा प्रसादरूप से भोगार्थ ग्रहण करता है, उसी पर भगवती प्रसन्न होती हैं, अन्यथा उनकी प्रसन्नता नहीं प्राप्त होती–

कृष्णायां वा चतुर्दश्यामष्टम्यां वा समाहितः,
ददाति प्रतिगृह्णाति नान्यथैषा प्रसीदति।

सप्तशती के तीन चरित्रों प्रथम, मध्यम तथा उत्तम में क्रमशः महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती की लीलाओं का निरूपण किया गया है। वेद में इन्हें अम्बा, अम्बिका तथा अम्बालिका नामों से सम्बोधित किया गया है। सप्तशती के प्रत्येक अध्याय के अन्त में यजुर्वेद (२३/१५) की इस श्रुति से आहुति देने का विधान है–

अम्बे ऽअम्बिके ऽम्बालिके न मा नयति कश्चन।
ससस्त्यश्वकः सुभद्रिकां काम्पीलवासिनीम्।

उव्वट तथा महीधर ने इस मंत्र का विनियोग अश्वमेध प्रकरण में करते हुए जो अर्थ किया है, वह शाक्तभावना से मेल नहीं खाता। मेरी दृष्टि में अम्बा भू स्थानीय अग्नितत्त्व की वाचिका हैं, अम्बिका भुवःस्थानीय वायुतत्त्व की वाचिका हैं तथा अम्बालिका स्वःस्थानीय सूर्यतत्त्व की वाचिका हैं। प्रथम ऋग्वेद स्वरूपिणी, द्वितीय यजुर्वेद स्वरूपिणी तथा तृतीय सामवेद स्वरूपिणी देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। सप्तशती के चतुर्थ अध्याय में देवताओं ने प्रार्थना करते हुए कहा भी है–

शब्दात्मिका सुविमलर्ग्यजुषां निधान–मुद्गीथरम्यपदपाठवतां च साम्नाम्।
देवी त्रयी भगवती भव भावनाय, वार्ता च सर्वजगतां परमार्तिहन्त्री।

अर्थात् आप शब्द रूपा हैं, अत्यन्त निर्मल ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा उद्गीथ के

मनोहर पदों के पाठ से युक्त सामवेद का भी आधार आप हैं। आप देवी त्रयी (तीनों वेद) और भगवती (छहों ऐश्वर्यों से युक्त) हैं। इस विश्व की उत्पत्ति तथा पालन के लिए आप वार्ता के रूप में प्रकट हुई हैं तथा आप सम्पूर्ण जगत् की पीड़ा को नष्ट कर देती हैं। यही कारण है कि सप्तशती के प्रथम चरित्र के विनियोग में अग्नितत्त्व, मध्यम चरित्र के विनयोग में वायुतत्त्व तथा उत्तम चरित्र के विनियोग में सूर्यतत्त्व की चर्चा क्रमशः ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद के संदर्भ से की गई है। यह समझ लेने के बाद उक्त मंत्र का अर्थ होगा—

हे भूः स्थानीय प्राणाग्निरूपे अम्बे! हे भुवः स्थानीयापानमातारिश्वरूपिणि अम्बिके! हे स्वः स्थानीयव्यानादित्यरूपिणि अम्बालिके! अहं तवाक्षयकृपां लब्धुं प्रणतोऽस्मि। भवच्चरणेषु सर्वात्मना समर्पितं माम् (मा) कोऽपि कदर्यः कुत्सितमना सांसारिकः (श्वकः) मोक्षमार्गात् पृथक् कर्तुं न पारयति (न नयति)। यथा अनित्यसंसारविज्ञातः परमात्मनिष्ठः मुमुक्षुः पुरुषः (न श्वः अश्वः; अश्वः एव अश्वकः आत्मसाक्षात्कारसम्पन्नः अद्वैतनिष्ठः) कल्याणकारिणीम् (सुभद्रिकाम्) मणिद्वीपनिवासिनीम् (काम्पीलवासिनीम्) अथवा चित्रविचित्रदुकूलोपेताम् मोक्षाधिष्ठात्रीम् देवीम् अतिशयेन प्राप्नोति (ससस्ति), तथैव अहमपि मातुर्भक्तोऽस्मि, फलस्वरूपेण देव्यनुग्रहं शीघ्रं पश्यामि, करुणामयि अम्बे मयि दयां कुरु। तवाशीर्वादेन, अक्षयानुग्रहेण सर्वं सिद्धं भविष्यति, यतोहि अध्यात्मतत्त्वसाक्षात्कारलब्धये तव कृपैव हेतुः— **'यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम्', 'सा ब्रह्मेति होवाच' इति श्रुते।'**

वैकृतिक रहस्य में 'उन्हें चित्रमाल्याम्बर विभूषणा तथा श्रुति में काम्पीलवासिनी कहा गया है। डॉ॰ सूर्यकान्त जी ने वैदिक कोश में काम्पीलवासिनी का अर्थ चित्रविचित्र दुकूल धारण करने वाली किया है। **'नागेन्द्र प्रयाण तंत्र'** के 'भवानी भैरवी भीमा भद्रकाली सुभद्रिका' वचन में उन्हें सुभद्रिका भी कहा गया है। अतः कहा जा सकता है कि सुभद्रिका नाम भी वेदोक्त तथा तन्त्रोक्त दोनों है।

कहना यह कि सप्तशती का विन्यास वेदोक्त तथा आगमोक्त परम्पराओं को ध्यान में रख कर किया गया है। उक्त मंत्र की भावना पूर्णतया शक्तिवादी है तथा आगमों में इसी का विस्तार हुआ है।

सप्तशती का बीजाक्षरों में रूपान्तरण भी आगमिक चिन्तन के कारण ही संभव हो सका । मध्यकाल में नागेश जैसे वैयाकरण आचार्य ने भी सप्तशती की व्याख्या की। इधर दुर्गासप्तशती पर प्रतीकात्मक दृष्टि से भी विचार किया जाने लगा है। तर्कपञ्चानन जी ने तो 'ब्रह्मसूत्र भाष्य' करते हुए सप्तशती को प्रमाणरूप से उद्धृत भी किया है।

सप्तशती के श्लोकों के समानान्तर बीजमंत्रात्मक पाठ की परम्परा भी साधकों में प्रचलित है। लगभग चौंतीस वर्ष पूर्व मिर्जापुर विन्ध्यवासिनी की यात्रा में मुझे एक पण्डित मिले थे, जो बीजमंत्रात्मक सप्तशती का पाठ तथा हवन करते थे। मैंने उसके बाद यह प्रयोग कहीं नहीं देखा और न ही कोई साधक इस धारा का मुझे मिला।

अभी कुछ मास पूर्व डॉ॰ रामचन्द्र पुरी सपत्नीक मेरे आवास पर आए। उन्होंने मुझे जब बीजमंत्रात्मक सप्तशती दिखाई तो मेरे आश्चर्य और आनन्द का ठिकाना न रहा। पराम्बा की प्रेरणा से उन्हें यह कृति मिली और बड़ी विद्वत्ता, श्रम तथा निष्ठा से उन्होंने इस कृति का सांगोपांग सम्पादन कर डाला। साधकों के कल्याणार्थ उनकी यह कृति प्रकाशित भी हो रही है, यह बात और भी सुखकारी है। औपनिषदिक चिन्तन के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने शाक्तदर्शन की जिन बारीकियों पर प्रकाश डाला है, उससे शक्तिकारणवाद का वैदिक आधार और भी पुष्ट हो गया है।

अन्त में, मै डॉ॰ पुरी को इस यज्ञानुष्ठान के लिए आशीर्वाद तथा बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि इस दिशा में वह आगे भी कुछ और करते रहेंगे।

आचार्य डॉ॰ विष्णुदत्त राकेश
ईशान, भगवन्त पुरम्, कनखल (हरिद्वार)
दूरभाष — ४१४९९४

तम आसीत् तमसा गूढमग्रे ..

भगवती दुर्गा महामाया सृष्टि की बीज हैं, वह जगत् की आदि कारण हैं, इस तथ्य का साक्षात्कार वैदिक ऋषियों ने किया था। ऋग्वेद में सृष्टि का रहस्य उद्‌घाटित करने वाला एक सूक्त है– 'नासदीयसूक्त'। इस सूक्त की ऋचाओं के द्रष्टा ऋषि ने कहा था–

'सृष्टि के आदि में न असत् था और न सत्
तब न मृत्यु थी और ना ही अमृत,
न रात और न दिन।
पर कुछ न कुछ गहन दुविर्ज्ञेय जरूर था। क्या था वह? कोई आवरण, कुहरा या अन्धकार ? कुछ कहा नहीं जा सकता।

हां, था कुछ प्राणवान्, किन्तु बिना वायु के ही। वह अपनी महिमा में प्रतिष्ठित अकेला ही था। वास्तव में, उसके अलावा अन्य कुछ नहीं था।

पर वह क्या था ? वास्तव में, सबसे पहले 'तमस्' था। यह सब कुछ तम ही तो था, अप्रकेत नामरूपरहित केवल तमस्। वह तमस् तमस् से ही आवृत था।[१]

---

1. नासदासी न्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्।
किमावरीवः कुह कस्य शर्म न्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्।
न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः।
आनीदवातं स्वधया तदेकं तस्मा द्धान्यन्न परः किंचनास।
तम आसीत् तमसा गूढमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्। १०/१२९/१–३०

ऋग्वेदीय नासदीय सूक्त द्वारा नामरूपादिरहित जिस 'अप्रकेत तमस्' की ओर संकेत किया गया है, वह वही तामसी आदि शक्ति है, जिसने विष्णु अर्थात् विराट् विश्व को आच्छादित कर रखा था और जिसकी स्तुति ब्रह्मा ने की थी। वैदिक और तांत्रिक रात्रिसूक्त उसी शक्ति की महिमा के प्रतिपादक हैं।[२]

समस्त ब्रह्मांड में व्याप्त परशिव की यही आवरणात्मिका शक्ति वेदान्त प्रतिपादित माया है। इस मायाशक्ति का वाचक नाम या प्रणव 'ह्रीं' है। सृष्टि के लय काल में यही माया शक्ति 'ह्रीं' समस्त सृष्टि के बीज को अपनी कुक्षि में पालती हुई इसे सुरक्षित रखती है। इसीलिए तांत्रिक ग्रन्थों में इसे प्रतिपालिका (ह्रींकारी प्रतिपालिका) कहा गया है। यही महामाया जब सृष्टि की कामना करती है, तो इसका अभिधान या वाचक बीज 'क्लीं' होता है (क्लींकारी कामरूपिण्यै) और सृष्टि रचना में प्रवृत्त यही महाशक्ति 'ऐं' बीज से वाच्य (ऐंकारी सृष्टिरूपिण्यै) होती है।[३]

इस तरह महामाया स्वयं सृष्टि के रूप में अभिव्यक्त होती है, अपना पालन करती हुई स्वयं में स्थित रहती है और अन्त में स्वयं को स्वयं से आवृत करके अप्रकेत–नामरूपादिरहित–स्थित रहती है।

'तत्रं दुर्गासप्तशती' के समस्त बीजमंत्र महाशक्ति दुर्गा के ऐं, ह्रीं और क्लीं इन तीन महाबीजों के ही विस्तार हैं और 'दुर्गासप्तशती' के सात सौ मंत्रश्लोक इन्हीं बीजों के विविध श्लोकद्रुम। इन्ही श्लोकद्रुमों से भगवती महामाया की महती कथा अरण्यानी की सृष्टि हुई है। 'तत्रंदुर्गासप्तशती' की इस भूमिका में इसी गहन–गभीर अरण्यानी में बिलमने का प्रयास भर किया गया है। अरण्यानी का ओर–छोर तो नहीं, पर शीतल छाया इस जन को भरपूर मिली है।

२. दुर्गासप्तशती के वैदिक तथा तांत्रिक रात्रिसूक्त द्रष्टव्य।

३. कुंजिकास्तोत्रम्।

स य एषोऽणिमा

आरुणि ने श्वेतकेतु से वट का एक फल मंगाया और कहा– 'इसे तोड़ो।'

उसने तोड़ा।

आरुणि ने उससे पूछा– क्या है इसमें ?

भगवन्, छोटे– छोटे बीज।

इनमें से एक को तोड़ो।

तोड़ दिया भगवन् ।

इसमें क्या है ?

'कुछ नहीं' श्वेतकेतु ने कहा।

'इस अणु बीज में तुम यह जो 'कुछ नहीं' देख रहे हो, इसी 'कुछ नहीं' में एक विशाल वट वृक्ष छिपा हुआ है।[1] यह जो अदृश्य 'अणिमा' है, इसी में सारा जगत् है। इस अणु बीज में छिपी अदृश्य शक्ति 'अणिमा' ही विश्व के रूप में परिणत हुई – यह अणिमा ही आत्मा है, यह आत्मा तुम स्वयं हो, यही सत्य है।[2]

यह, वह 'कुछ नहीं' या अणिमा क्या है?

अणुओं में छिपी अव्यक्त शक्ति।

क्या यह 'कुछ नहीं' असत् था?

हाँ, यह 'अणिमा' असत् थी, लेकिन इस अर्थ में कि तब यह नामरूपात्मक सृष्टि के रूप में अभिव्यक्त न थी। अन्यथा कहीं असत् से सत् उत्पन्न हो सकता है क्या ?

---

१. यं वै सोम्यैतमणिमानं न निभालयसे
एतस्य वै सोम्यैषोऽणिम्नः महान् न्यग्रोध स्तिष्ठति ...। छान्दोग्योपनिषद् ६/१२/२

२. स य एषोऽणिमा, ऐतदात्म्यमिदं सर्वं तत्सत्यं, स आत्मा, तत्त्वमसि श्वेतकेतो !
वही ६/१२/३

– कथं नु सोम्यैवं स्यात् ? कथमसतः सज्जायेत्?[३]

अणु बीज में अन्तर्निहित 'अणिमा' क्या बीज से भिन्न है?

नहीं, वह बीज की अनन्य शक्ति है। यही शक्ति बीज को विशाल वृक्ष के रूप में परिणत करती है। 'अणोरणीयान्' बीज को यही शक्ति 'महतो महीयान् वृक्ष' बनाती है।

इस अणुबीज की 'अणिमा', इसकी चित् शक्ति, जब तक सक्रिय नहीं होती, बीज अनन्त काल तक निर्विकार, अनभिव्यक्त, निष्क्रिय पड़ा रह सकता है। किन्तु, जैसे ही वह जग जाती है, बीज में स्पन्दन होता है, बीज के वृक्ष बनने की प्रक्रिया आरम्भ होती है, बीज वृक्ष बन जाता है।

अणु के भीतर जो अणिमा है, वह उसकी अपनी शक्ति है, उसका अपना 'स्वभाव' है। शक्ति और शक्तिमान् में अभेद है–शक्तिशक्तिमतो रभेदः।

किन्तु, अपनी चित् शक्ति इस 'अणिमा' की सक्रियता के बिना शक्तिमान् निरर्थक, निश्चेष्ट है। वह शक्ति के द्वारा ही संसार–वृक्ष के रूप में परिणत होता है। दूसरे शब्दों में उसकी चित् शक्ति ही विश्वरूप में परिणत होती है।[४] क्योंकि शक्तिमान् 'शिव' निर्विकार है, विश्व के रूप में परिणमन उसमें संभव नहीं। उसकी चिति स्वतंत्र है, शिव पराधीन। चिति में स्वतंत्र रूप से परिणमन आदि संभव है, शिव में नहीं। शिव यदि शक्ति से युक्त है, तभी वह सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोधान और अनुग्रह रूपी प्रपंचन कार्य में सफल होता है, अन्यथा वह केवल 'शव' है –

'शक्त्याः हीनः शिवः शवः।'

उस बीज में अन्तर्निहित प्रसुप्त अणिमा में स्पन्दन हुआ, एक व्यग्रता–जगी, एक सिसृक्षा हुई। उसने इच्छा की – मैं बहुत हो जाऊँ"[५] अपने को नाम और रूप में व्याकृत करूँ, अभिव्यक्त करूँ।[६]'

---

३. वही १२/२/२

४. त्वमेव स्वात्मानं परिणमयितुं विश्ववपुषा, चिदानन्दाकारं शिवयुवतिभावेन विमृशे।
सौन्दर्यलहरी–३४ ।

५. तदैच्छत बहु स्यां प्रजायेयेति. छान्दोग्य–६/२/३।

६. अनेनजीवेनात्मनाऽनुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि। वही–६/३/२।

वह चिति मनस् (होता या यजमान), अग्नि, जल, पृथ्वी, चित् (सूर्य) और आनन्द (चन्द्रमा) के रूप में परिणत हो गई। शक्ति के परिणमन विश्वाकार इस अष्टमूर्तियों के अलावा विश्व और कुछ भी नहीं है।[७] शक्ति की यह अष्टमूर्तियां ही शिव की प्रत्यक्ष अष्टमूर्तियां हैं।[८]

परम शिव की चित् शक्ति ही विश्वाकार में परिणत हुई, सृष्टि के बीज के रूप में वर्तमान शक्ति ही स्थूल–और सूक्ष्म रूप त्रैलोक्य के रूप में परिणत हुई। समस्त सृष्टि उसी की 'रूपात्मक' अभिव्यक्ति है।[९]

फिर प्रत्येक रूप के लिए भिन्न–भिन्न, अनन्त नाम। यह सब कुछ नाम ही तो है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, साम और अथर्व....इतिहास–पुराण आदि सब कुछ नाम ही है।[१०]

यह 'नाम' क्या है?

वाणी का केवल विकार, किसी भी रूप की प्रतीति का माध्यम। असली वस्तु तो 'रूप' है।[११]

किन्तु 'नाम' रूप के ज्ञान के लिए अत्यन्त आवश्यक है। वास्तव में, नाम और रूप एक ही वस्तु के दो पक्ष हैं। कहने को भिन्न, लेकिन, तत्त्वतः अभिन्न।[१२]

---

७. मनस्त्वं व्योम त्वं मरुदसि मरुत्सारथिरसि,
त्वमापस्त्वं भूमिस्त्वयि परिणतायां नहि परम्।
त्वमेव स्वात्मानं परिणमयितुं विश्ववपुषा,
चिदानन्दाकारं शिवयुवतिभावेन विमृशे ।। सौन्दर्यलहरी–३४

८. या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हवि र्या च होत्री,
ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम्।
यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः।
प्रत्यक्षाभिः प्रसन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः। कालिदासः (अभिज्ञाने)
सूर्यो जलं मही वह्नि र्वायुराकाशमेव च।
दीक्षितो ब्राह्मणः सोमः इत्येता स्तनवः स्मृताः।। विष्णुपुराणे।

९. त्रिपुरा परमा शक्तिराद्यजाता महेश्वरी,
स्थूलसूक्ष्मस्वभावेन त्रैलोक्योत्पत्तिमातृका। चतुःशती,
(सौंदर्यलहरी पर नरसिंह स्वामिकृत गोपालसुन्दरी टीका से उद्धृत।)

१०. छान्दोग्य ७/१/४.

११. वाचारंभणं विकारो नामधेयम्, मृत्तिकेत्येव सत्यम्। छान्दोग्य ६/१/४.

१२. गिरा अरथ जलवीचि सम कहियत भिन्न न भिन्न। तुलसी।
वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये। कालिदासः

नाम 'वाक्' है। और, यह जो कुछ, है वाक् रूप ही है। वाक् नाम का मूल है, सार है, नाम का आधार है।[१३]

वह अव्यक्त अणिमा नाम और रूप के द्वारा ही व्यक्त हुई—'यह नाम है और इस नाम का यह रूप' इस प्रकार से।[१४]

अतः प्रतिप्रसव (उलटे) क्रम से उस अव्यक्त चिदात्मा को अपने में व्यक्त करने का माध्यम भी नामरूप ही है। चिदात्मा पहले नाम— 'असौ नाम', फिर रूप—'अयमिदं रूपः' इस क्रम से अभिव्यक्त हुआ। अब, इसकी ओर लौटने का क्रम→रूप→नाम→और चिदात्मन् ही है। इस प्रकार रूप से नाम महत् है, क्योंकि वह आत्मन् के अधिक निकट है। रूप परिच्छिन्न है, नाम अपरिच्छिन्न।

तुलसी कहते हैं—

नाम रूप दुइ ईस उपाधी/अकथ अनादि सुसामुझि साधी।
को बड़ छोट कहत अपराधू/सुनि गुन—भेद समुझिहहिं साधू।
देखिअहिं रूप नाम आधीना/रूप ज्ञान नहिं नाम बिहूना।
रूप विशेष नाम बिनु जाने/करतलगत न परहिं पहिचाने।
सुमिरिअ नाम रूप बिन देखे/आवत हृदयँ सनेह विसेषें।

अगुन सगुन दुइ ब्रह्म सरूपा/अकथ अगाध अनादि अनूपा।
मोरें मत बड़ नाम दुहू तें/किए जेंहि जग निज बस निज बूतें।
उभय अगम जुग सुगम नाम तें/कहेउं नाम बड़ ब्रह्म राम तें।
सबरी गीध सुसेवकनि सुगति दीन्हि रघुनाथ।
नाम उधारे अमित खल बेद बिदित गुन गाथ।
राम भालु कपि कटक बटोरा/सेतु हेतु श्रम कीन्ह न थोरा।
नाम लेत भवसिन्धु सुखाहीं/करहु बिचार सुजन मनमाहीं।[१५]

---

१३. वाग् वाव नाम्नो भूयसी, वाग्वा ऋग्वेदं विज्ञापयति.... छान्दोग्य ७/२/१

** नाम वा ऋग्वेदो यजुर्वेद......वही ७/१/४

१४. तद् ह इदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्। तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियत असौ नामायमिदं रूपः इति। बृहदारण्यकोपनिषद् अध्याय—१, ब्राह्मण—४ मंत्र—७

१५. रामचरितमानस (बालकाण्ड)

प्रपंचात्मक जगत् का ज्ञान नाम के अधीन है। नाम वाक् पर निर्भर है। यह 'वाक्' स्वयं परमेश्वरी है। वाक् से प्रतिपाद्य समस्त अर्थ स्वयं शिव हैं। ये दोनों परस्पर संपृक्त अर्धनारीश्वर रूप हैं–

वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ।[१६]

वाक् और अर्थ, शिव और शक्ति कहने भर के लिए भिन्न हैं, वास्तव में, भिन्न हैं नहीं। ये जल और तरंग की तरह कहने, सुनने और देखने में भिन्न हैं, लेकिन तत्त्वतः अभिन्न हैं–

गिरा–अरथ जलवीचि सम कहियत भिन्न न भिन्न।
वन्दउं सीतारामपद जिनहिं परम प्रिय खिन्न।।[१७]

परस्पर संश्लिष्ट शिव और शक्ति के "वाक् वपुष्" (वाङ्मय शरीर) के दो बाह्य भेद हैं– स्वर और व्यंजन। सभी सोलह स्वर शक्ति स्वरूप हैं और सभी ३५ व्यंजन शिव स्वरूप। इन्हीं के परस्पर संश्लेष से नामरूपात्मक समस्त सृष्टि की अभिव्यक्ति होती है। इनमें शक्तिस्वरूप स्वर स्वतंत्र हैं और शिवस्वरूप व्यंजन शक्त्याश्रित या स्वराश्रित, अतएव परतंत्र।[१८] शक्त्यात्मक सोलह स्वर निम्नांकित हैं:–

अ	आ	इ	ई
उ	ऊ	ऋ	ॠ
ऌ	ॡ	ए	ऐ
ओ	औ	अं(ं)	अः(ः)

१६. रघुवंश – १/१ कालिदास
१७. रामचरितमानस (बालकाण्ड)
१८. ककारादिक्षकारान्ता वर्णा स्ते शिवरूपिणः।
समस्तव्यस्तरूपेण षट्त्रिंशत्तत्त्वविग्रहः।
अकारादिविसर्गान्ताः स्वराः षोडश शक्तयः।
नित्याः षोडषकात्मानः परस्परं समायुताः।
शिवशक्तिमया वर्णाः शब्दार्थप्रतिपादकाः,
शिवः स्वरपराधीनो न स्वतंत्रः कथंचन।
स्वराः स्वत्रंता जायन्ते न शिवस्तु कदाचन।
(मातृकादूषण) गोपालसुन्दरी से उद्धृत।

पैंतीस व्यंजन निम्नांकित हैं :–

क्	ख्	ग्	घ्	ङ् ।
च्	छ्	ज्	झ्	ञ् ।
ट्	ठ्	ड्	ढ्	ण् ।
त्	थ्	द्	ध्	न् ।
प्	फ्	ब्	भ्	म् ।
य्	र्	ल्	व्	श् ।
स्	ष्	ळ्	ह्	क्ष् ।

ये स्वर–व्यंजन 'वाग्वपु' शिव–शक्ति के स्वरूप हैं। ये नामात्मक जगत् के बीज हैं। ये बीजाक्षर हैं। इनमें निहित शक्ति ही विश्ववपु चिदात्मतत्त्व का बोध कराती है।

किसी शब्द में निहित शक्ति ही उस शब्द के वाच्य–अर्थ का ज्ञान कराती है। वैशेषिकों के अनुसार – 'इस पद–विशेष से इस अर्थ–विशेष को जाना जाय, ऐसा ईश्वर का संकेत ही शक्ति है।[१९]

जिस प्रकार किसी शब्द विशेष से अर्थ विशेष का ज्ञान होता है, उसी प्रकार स्वरव्यंजनात्मक वर्ण विशेषों से उनमें निहित 'शक्ति' के द्वारा अर्थ विशेषों का ज्ञान होता है। इस तरह एक–एक वर्ण के भी अपने अर्थ होते हैं।

जिस तरह सम्पूर्ण वस्तु–जगत् अव्यक्त बीजरूप में स्थित शिव–शक्ति का संयुक्त परिणमन है, उसी प्रकार स्वर–व्यंजनों का संयुक्त बीजरूप 'परावाक्' विश्व की निखिल वस्तुओं के नाम का बीज है।

इस लौकिक सृष्टि में ऐसा कोई प्रत्यय, पदार्थ या वस्तु नहीं, जिसे शब्द के बिना जाना जा सके। माला की अनेक मणियों के बीच सूत्र की तरह सब कुछ शब्द से गुंफित है, अनुस्यूत है।[२०] नाम हो या आख्यात उपसर्ग हो या निपात सभी कुछ शब्द हैं।

ऐसा कोई शब्द नहीं, जो स्वर–व्यंजन रूप वर्ण या वर्णों से रहित हो तथा ऐसा कोई अर्थ या प्रत्यय नहीं जो स्वर–व्यंजनात्मक वर्ण या वर्ण

---

१९. अस्मात् पदादयमर्थो बोधव्य इति ईश्वरसंकेतः शक्तिः। तर्कसंग्रहः

२०. न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते।
अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वं शब्देन भासते।। वाक्यपदीयम् –१/१२/३

—समूह से गम्य न हो। वास्तव में, यह सब कुछ बीज रूप से 'वाक्' है। सब कुछ वाङ्मय ही है। वाग्बीज विश्वबीज है।

यह सारी सृष्टि ऊर्ध्वमूल अधःशाखा वाला अश्वत्थ है। इस संसार—रूप अश्वत्थ का बीज ईश्वर, ब्रह्म या शिव है। महद् (प्रकृति) उसकी योनि (माँ) है और परात्मा शिव बीजप्रद पिता।[२१] इस अश्वत्थ रूपी महान् वृक्ष (सृष्टि) के बीज का वाग्—रूप 'ओम्' है। यह 'ओम्' ही उस अणिमा, उस 'कुछ नहीं' से अभिव्यक्त 'सब कुछ' है। वह जो भूत था, यह जो वर्तमान है, हो रहा है, जो भविष्यत्—होने वाला है, इसके अलावा जो कुछ भी त्रिकालातीत है, वह भी 'ओम्' ही है।[२२]

यह 'वाङ्मय ओम् बीज' ईश्वर का नाम है, उसका वाचक है। ब्रह्म इसका वाच्य है।[२३] ओम् वाक् है, ब्रह्म उसका अर्थ है। ये दो नहीं, जल—तरंग की तरह अभिन्न एवं एक हैं। विश्व के समस्त वागर्थ के ज्ञान के लिए 'वागर्थप्रतिपत्तये' ईश्वर के नाम ओं बीज को ईश्वर की भावना करते हुए जपना चाहिए।[२४] वेदादि समस्त वाङ्मय इसी ओम् का प्रतिपादन करते हैं, संसार के सभी कर्म इसी के लिए हैं, समस्त अध्यात्म विद्या के उपासक इसी की उपासना करते हैं। यह अक्षर ब्रह्म है, यही अक्षर परात्पर है। इसे जानकर व्यक्ति जो भी चाहता है, उसे वह मिलता है।[२५]

नाम (ओम्) और नामी (ब्रह्म) में अभेद है। ओम् भूमा है। जो भूमा है, वही सुख है। अल्प, परिच्छिन्न या सीमित में सुख कहाँ? इसलिए आनंद, सुख या आत्मशांति प्राप्त करने के लिये 'ओम्' इस ईश्वर के वाचक प्रणव बीज का जप करना चाहिए।

२१. सर्वयोनिषु कौन्तेय मूर्तयः संभवन्ति याः।।
तासां ब्रह्म महद्योनिरहं बीजप्रदः पिता। — श्रीमद्भगवद् गीता १४/३४

२२. ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वं तस्योपव्याख्यानं भूतंभवद्भविष्यदिति सर्वमोंकार एव। यच्चान्यत्किंचित्त्रिकालातीतं तदप्योंकार एव। — मुंडकोपनिषद्—१

२३. तस्य वाचकः प्रणवः। — पातंजलयोगदर्शनम् १/१७

२४. तज्जपस्तदर्थभावनम्। — वही १/२८

२५. सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति, तपांसि सर्वाणि च यद् वदन्ति।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति, तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमेतत्।
एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतद्ध्येवाक्षरं परम्।
एतद्ध्येवाक्षरं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत्।।

कठोपनिषद्—वल्ली—२, मंत्र—१५—१६

ओम् बीज है। वट बीज की तरह। वट के अणु बीज में उसका आवरण (छिलका) दल और अंकुर ये तीन तत्त्व होते हैं। आवरण को हटाएं तो द्विदल दिखाई देते हैं, द्विदल को अलग करें, तो उनके बीच अंकुर दिखाई देगा। इस अंकुर को तोड़िये, तो उसके अन्दर 'कुछ नहीं' मिलेगा। यह 'कुछ नहीं' ही इस अणु बीज की शक्ति, 'अणिमा' है। यह अणिमा ही अणु–बीज को विशाल वट वृक्ष के रूप में परिणत करती है।

'ओम्' इस अणु–बीज में अ , इ तथा उ तीन अक्षर हैं। ये क्रमशः आवरण, दल और अंकुर हैं। इनके अलावा इस ओम् में एक अनिर्देश्य, अव्यवहार्थ, अग्राह्य चतुर्थ मात्रा भी है। यह चतुर्थ मात्रा ही अ उ और म् बीज में छिपी वह अव्यक्त 'अणिमा' है, जो इस बीज ओम् को विश्वाकार का वाचक बनाती है। यह 'अणिमा' प्रपंचोपशमं, शिव, अद्वैत, आत्मशक्ति, पर शिव है।[२६]

ओम् तो केवल वाचक है, नाम है। इसका वाच्य है ब्रह्म। यह ब्रह्म क्या है?

जहाँ से ये सभी प्रपंच उत्पन्न होता है, जिसमें स्थित रहता है और अन्त में जिसमें समा जाता है वही 'ब्रह्म' है।[२७]

ओम् से चराचर जगत् की उत्पत्ति हुई है—ओंकारप्रभवं सर्वं त्रैलोक्यं चराचरम्।[२८] इसकी चार मात्राओं में से – अ उ म् ये तीन मात्राएं अखिल सृष्टि की वाचक हैं – चतुर्थ मात्रा (अनुस्वार) विश्वोत्तीर्ण है। इसे यूं समझें –

अ	उ	म्	अमात्रिक(बिन्दु)
पृथ्वी	अन्तरिक्ष	द्यौः	विश्वोत्तीर्ण
अग्नि	यजुर्वेद	सूर्य	
ऋग्वेद	भुवः	सामवेद	

२६. अमात्र श्चतुर्थोऽव्यवहार्यः प्रपंचोपशमः शिवोऽद्वैत एवमोंकार आत्मैव....
मांडूक्योपनिषद्–१२

२७. यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति, यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति। तद् विजिज्ञासस्व। तद् ब्रह्म।
तैत्तिरीयोपनिषद्, भृगुवल्ली–अनुवाक–१

२८. ध्यानबिंदूपनिषद् –१६

भूर्लोक	विष्णु	स्वर्लोक	
पितामह (ब्रह्मा)		महेश्वर	
रजस्	सत्त्व	तमस्	निगुर्ण

ओंकार की प्रथम तीन मात्राएं परात्पर चतुर्थ मात्रा का केवल पाद (चतुर्थांश) मात्र हैं। इन्हीं तीन मात्राओं या चतुर्थांश में चराचर जगत् है। इसके तीन पाद विश्व से परे (दिवि) अमृत रूप हैं।[२९]

वाचक ओंकार के चार पादों की भाँति ही इसके वाच्य आत्मा के भी चार पाद हैं–

वैश्वानर, तैजस्, प्राज्ञ और प्रपंचोपशम शिव।

वैश्वानर की अभिव्यक्ति जाग्रत् अवस्था में होती है। यह 'बहिःप्रज्ञ' है, अर्थात् बाह्य विषयों का प्रकाशक है। यदि इस वैश्वानर आत्मा को पुरुषरूप माना जाय, तो इसके सात अंगों में, सिर द्युर्लोक है, नेत्र सूर्य है, प्राण वायु है, देह आकाश है, वस्ति जल (सागर) है और चरण यह पृथ्वी है।

यह वैश्वानर आत्मा उन्नीस मुखों वाला है। ये मुख हैं –

५ ज्ञानेन्द्रियां,५ कर्मेन्द्रियां, ५ प्राण और ४ मनस्, बुद्धि, अहंकार तथा चित्त। इन उन्नीस मुखों द्वारा यह बाहरी (भौतिक) विषयों को भोगता है।

आत्मा का द्वितीय पाद तैजस् कहलाता है। यह स्वप्न लोक का स्वामी है। यह अन्तःप्रज्ञ है। यह भी सप्तांग और उन्नीस मुखों वाला है और उनसे सूक्ष्म विषयों को भोगता है।

आत्मा का तृतीय पाद प्राज्ञ कहलाता है। यह सुषुप्ति का स्वामी है। यह प्रकाशमय तथा ज्ञानस्वरूप है और आनन्द का भोक्ता है। इसका मुख चेतस् (चेतना) है।

यह प्राज्ञात्मा अन्तर्यामी है, सर्वेश्वर है और सभी चेतन–अचेतन का उत्पत्ति और लयस्थान है।

आत्मा का चतुर्थ पाद न बहिःप्रज्ञ है और ना ही अन्तः प्रज्ञ। यह दोनों का मिलाजुला रूप (उभयात्मक) भी नहीं है। इसके अलावा न तो यह

२९. पादोस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि। ऋग्वेद – १०/९०/३

प्रज्ञानघन है, न प्रज्ञ और ना ही अप्रज्ञ।[३०]

आत्मा का यह चतुर्थ पाद अदृष्ट, अव्यवहार्य, अग्राह्य, अलक्षण, अचिन्त्य, अव्यपदेश्य, प्रपंचोपशम, एकात्मप्रत्ययसार, शान्त, शिव और अद्वैत है।

यह चतुर्थ पाद विश्व–वट के बीज की वही 'अणिमा' है, जिसमें सारा विश्ववट अन्तर्निहित है।

ओम् इसी ब्रह्म का वाचक बीज है। ब्रह्म या परम शिव अपनी अनन्य परा शक्ति से पृथक् नहीं। इसलिए उसका वाचक–बीज ओम् शक्ति का भी वाचक है।

ओम् के अ और उ शक्ति वाचक बीज हैं। म् और अदृष्ट चतुर्थ मात्रा (बिन्दु) शिव बीज हैं। क्योंकि सभी स्वर शक्त्यात्मक हैं और सभी व्यंजन शिवात्मक।[३१] जहां तक बिन्दु का प्रश्न है वह तो शिवमय ही है–अहं बिन्दु विंसर्गस्त्वं।[३२]

इस प्रकार 'ओम्' शिवशक्त्यात्मक बीज है। यह शिव और शक्ति दोनों का वाचक नाम है। शिव को शक्ति से अलग नहीं किया जा सकता। वह उभयात्मक है, अर्धनारीश्वर है। क्योंकि, अर्धनारीश्वर जगत् के माता–पिता हैं, इसलिए जगत् की प्रत्येक वस्तु स्त्री–पुरुषात्मक है। अन्तर है, तो केवल अभिव्यक्ति का। कभी उसका पुंस्त्व प्रधान हो जाता है और कभी स्त्रीत्व। पुंस्त्वप्रधानता से वह पुरुष है, और स्त्रीत्व की प्रधानता से स्त्री।[३३]

卐

---

३०. द्रष्टव्य–माण्डूक्योपनिषद्।

३१. ककारादिक्षकारान्ता वर्णास्ते शिवरूपिणः।
अकारादिविसर्गान्ताः स्वराः षोडष शक्तयः।। — गोपालसुन्दरी से उद्धृत

३२. शिवदृष्टिः ....वही

३३. त्वं स्त्री त्वं पुमानसि त्वं कुमार उत वा कुमारी। — अथर्ववेद–१०/८/२७

गुहाहितम्

बीज मंत्रों की संयोजना वर्णों पर आधारित है। कुल वर्ण ५१ (सोलह स्वर तथा ३५ व्यंजन) हैं। इनमें प्रत्येक वर्ण कई अर्थों का वाचक होता है। फिर किसी भी वर्ण या शब्द से आप अपनी भावना के अनुसार किसी भी अर्थ का आहरण कर सकते हैं। क्योंकि, जहां वर्ण या शब्द कुछ निश्चित अर्थ के वाचक होते हैं, वहीं वे वक्ता और श्रोता की अपनी इच्छा के अनुसार भी अर्थ देते हैं। वाल्मीकि ने 'मरा–मरा' जप कर भी राम रूपी अर्थ प्राप्त किया था।

वस्तुतः, वर्णों (शब्दों) से अर्थ की प्रतीति या प्राप्ति का मुख्य आधार भावना ही है। इसीलिए महर्षि पतंजलि ने प्रणव (ओंकार) को ईश्वर का वाचक कहते हुए उसके जप के लिए उसकी भावना करने का निर्देश दिया है – 'तस्य वाचकः प्रणवः, तज्जपस्तदर्थभावनम् ।[१]

यदि एक बीज या मंत्र के कई देवता हैं, अर्थात् वह बीज या मंत्र कई देव–शक्तियों का वाचक है, तो उसके जप से, उसकी साधना से वही देवशक्ति आविर्भूत होगी, जप करते हुए जिसकी भावना की जायेगी।

मातृका (वर्णमाला) के प्रत्येक वर्ण अपने भीतर निखिल ब्रह्माण्ड के अनेक अर्थ छिपाये हुए हैं। एक–एक वर्ण कई–कई अर्थों के वाचक हैं। दैविक–साधना के सन्दर्भ में 'ओं' बीज समस्त सृष्टि, यहाँ तक कि समस्त सृष्टि से उत्तीर्णता का भी वाचक है। इस बीज के अ, उ, म् तथा बिन्दु किस तरह स्थूल, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय, विश्व, तैजस् प्राज्ञ और परब्रह्म आदि के वाचक हैं, इसका किंचित् संकेत पूर्व पृष्ठों में किया जा चुका है। लगभग सभी उपनिषदों, शास्त्रों, स्मृतियों, पुराणों और विभिन्न सांप्रदायिक ग्रन्थों में 'ओम्' की महिमा और इसकी व्याहृतियों (अ उ म् एवं अनुस्वार) का व्यापक विश्लेषण मिलता है।

१. योगदर्शनम् (समाधिपादः) २७–२८

'ओम्' इस मूल बीज मंत्र के अलावा अन्य अनगिनत बीज मंत्र हैं। इन सभी मंत्रों की निर्मिति बीजाक्षरों के योग से की गई है। बीजाक्षर मातृकाएं ही हैं। प्रत्येक मातृका के भिन्न–भिन्न कई अर्थ हैं। मंत्रसाधना में इनके मूल अर्थों की जानकारी आवश्यक है। क्योंकि, अर्थ जानकर ही उसकी भावना की जा सकती है और भावनापूर्वक जप करने से ही मंत्र (उसका देवता) फल प्रदान करता है।

प्रस्तुत प्रसंग में कठोपनिषद् के कुछ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण बीजमंत्रों और उनकी मातृकाओं तथा अन्य बीजमंत्रों के बारे में लिखना उपयोगी रहेगा। क्योंकि मेरी धारणा है कि कठोपनिषद् में परब्रह्म, उसकी पराशक्ति तथा उसके बीज मंत्रों का रहस्यात्मक विवेचन किया गया है। यह रहस्य या तो गुरुगम्य है, अथवा जिस पर परतत्त्व की कृपा हो, वही इसे जान सकता है।

परम गुरु यमराज ने नचिकेता को इस रहस्य का उद्घाटन करते हुए कहा था कि 'उस परम तत्त्व के बारे में बहुतों को तो सुनने को भी नहीं मिलता, बहुत से ऐसे हैं जो उसके बारे में सुनकर भी नहीं समझते। वास्तव में, वह तत्त्व किसी कुशल आचार्य द्वारा ही निरूपित किया जा सकता है और उसे प्राप्त करने वाला शिष्य भी कोई अद्भुत व्यक्ति ही होता है'।[२]

इस तत्त्व के ज्ञान के लिए यमराज ने नचिकेता से कहा था कि 'उठो, जागो और श्रेष्ठ ज्ञानी पुरुषों के पास जाकर ज्ञान प्राप्त करो।[३]' 'सारे वेद जिस पद का प्रतिपादन करते हैं, समस्त तप जिसकी प्राप्ति के साधन हैं, जिसकी प्राप्ति के लिए ब्रह्मचर्य का पालन किया जाता

२. श्रवणायापि बहुभि र्यो न लभ्यः
शृण्वन्तोऽपि बहवो यं न विद्युः।
आश्चर्यो वक्ता कुशलोऽस्य लब्धा –
श्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः।। कठोपनिषद् – १/२/७

३. उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथ स्तत्कवयो वदन्ति। वही – १/३/१४

है, संक्षेप में वह पद 'ओम' है।[४]

यम ने नचिंकेता को पद (ओम्) के बारे में बताया था, पदार्थ (परतत्त्व) के बारे में नहीं। वह इसलिए कि पदार्थ (ब्रह्म) की अनुभूति पद (ओम्) की साधना के बिना संभव ही नहीं।

ओम् पद ब्रह्मरूपी पदार्थ का वाचक है –तस्य वाचकः प्रणवः। ओम् ब्रह्म का बीज नाम है। यम ने नचिकेता को इसी बीज का उपदेश दिया था। इस ओम् बीज से जिस अर्थ की अनुभूति होती है; वह केवल अनुभूतिगम्य है, उसे तर्क से नहीं जाना जा सकता। उसे प्रवचन, मेधा, (धारणा शक्ति) अथवा बहुज्ञता (बहुत श्रवण–पठन आदि) से भी नहीं जाना जा सकता।[५] उसे तो उसी आत्मा के प्रसाद से जाना जा सकता है, जिसकी साधना की जाती हैं। यह आत्मतत्त्व अपने साधक के लिए स्वयं अपने स्वरूप को अभिव्यक्त करता है।[६]

तात्पर्य यह कि आत्मतत्त्व की साधना में लगे साधक को स्वयं आत्मतत्त्व ही अपने स्वरूप का साक्षात्कार कराता है, कोई अन्य उसे नहीं करा सकता। उस आत्मतत्त्व, (ब्रह्म) की साधना के लिए उसका (वाचक) नाम ओम् ही सर्वाधिक महत्त्व का साधन है। इसी नाम से उसकी साधना करनी चाहिए। साधना का सर्वाधिक सरल रूप है जप–तज्जपस्तदर्थभावनम्।

ओंकार वाच्य यह परतत्त्व ब्रह्म अपनी ही आवरणात्मिका पराशक्ति से आवृत है। इस आवरण के भंग हुए बिना उसका साक्षात्कार संभव नहीं। ईशावास्योपनिषद् में इसी तथ्य की ओर इंगित करते हुए कहा गया है कि उस 'सत्य' का मुख हिरण्मय पात्र से ढका हुआ है –हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।[७] यह हिरण्मय पात्र परब्रह्म की अपनी आवरणात्मिका शक्ति माया ही है।

---

४. सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति, तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति।
यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति, तत्ते पदं संग्रहेण ब्रवीम्योमित्येतत्। वही – १/२/१५

५. नैषा तर्केण मतिरापनेया प्रोक्तान्येनैव सुज्ञानाय श्रेष्ठ। वही – १/२/९

६. यमेवैष वृणुते तेन लभ्य स्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूंस्वाम्। वही – १/२/२३

७. ईशोपनिषद् – १५

इसी तथ्य की ओर यम ने संकेत करते हुए कहा था कि 'वह दुर्दर्श परात्मा गुहा में गूढ़ रूप से अनुप्रविष्ट है।[८] तो, वह गुहा क्या है, जिसमें परतत्त्व अत्यन्त गोपनीय ढंग से स्थित है। आचार्य शंकर ने इस गुहा को 'बुद्धि' माना है।[९] लेकिन ऐसा है नहीं । क्योंकि 'नैषा तर्केण मतिरापनेया' न मेधया .....बुद्धेरात्मा महान् परः 'आदि के द्वारा परतत्त्व के बुद्धिगम्य होने का खण्डन स्वयं हो जाता है ।

यहां यद्यपि यम ने – दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः[१०] कहकर अग्र्या अर्थात् तीव्र शुद्ध बुद्धि से आत्मतत्त्व के प्रकाशित होने की बात कही है, लेकिन, यह अग्र्या–बुद्धि सामान्य बुद्धि नहीं, अपितु वह सूक्ष्म बुद्धि है, जो परतत्त्व पर पड़े हुए स्वर्णावरण को भेदकर उसे अनावृत कर देती है ।

जिस 'गुहा' में वह परतत्त्व निहित है, उसे गीता में 'योगमाया' कहा गया है–'नाहं प्रकाशः सर्वस्य योगमाया समावृतः'।[११] जिस तरह परतत्त्व का वाचक या अभिधान ओम् है, उसी तरह उसकी आवरणात्मिका योगमाया का भी कोई न कोई अभिधान या वाचक बीज होना चाहिए । वह है, और वह 'गुहा' शब्द से वाच्य 'ह्रीं' ही है । अथर्वशीर्ष, आचार्य शंकर और योगमाया के असंख्य साधक ह्रीं को ही 'मायाबीज' कहते हैं।[१२]

नचिकेता ने जिस परतत्त्व के बारे में जानना चाहा था, उसका वाचक पद यम ने 'ओम्' बताया था और वह परतत्त्व अपनी जिस माया के आवरण में ढका हुआ या गूढ़ है, उसे उन्होंने 'गुहा' कहा था । 'गुहा' का तात्पर्य पराशक्ति 'ह्रीं' ही है । इसी शक्ति की ओर सप्तशती के रात्रिसूक्त ने इंगित किया है ।[१३]

---

८. तं दुर्दर्शं गूढमनुप्रविष्टं गुहाहितं गह्वरेष्ठं पुराणम्। — कठ–१/२/१२
९. 'गुहाहितं, गुहायां बुद्धौ स्थितं' — वही – शांकरभाष्य
१०. वही – १/३/१२
११. गीता – ७/२५
१२. अथर्वशीर्ष तथा सौन्दर्यलहरी आदि में द्रष्टव्य –
१३. त्वं श्री स्त्वमीश्वरी त्वं ह्री स्त्वं बुद्धि र्बोधलक्षणा ।। ८

यमराज ने परमतत्त्व 'ओम्' के बारे में नचिकेता को बताने से पहले ब्रह्म की आवरणत्मिका शक्ति गुहा (ह्रीं) के बारे में बताया था। उसके पश्चात् उसे भौतिक समृद्धि प्रदान करने वाली कई विद्याएं देने का प्रस्ताव भी किया, जिन्हें लेने से आत्मतत्त्व के जिज्ञासु नचिकेता ने मना कर दिया ।[१४]

यमराज ने स्वर्ग की साधनभूत जिस अग्नि (अग्निं स्वर्ग्यम्) की जानकारी नचिकेता को दी थी, वह इस गुहा की साधना ही है । इस ह्रीं की साधना से ही अमृतत्त्व या देवत्त्व की प्राप्ति होती है । आचार्य शंकर ने सौन्दर्यलहरी के 'भवानि त्वं दासे' श्लोक में इसी साधना की ओर इंगित किया है ।

नचिकेता द्वारा स्वर्ग की प्राप्ति कराने वाली गुहा–साधना का सांगोपांग ज्ञान प्राप्त कर लेने पर यमराज ने इहलौकिक अर्थात् भौतिक समृद्धि की प्राप्ति के लिए जो 'सृंका' नचिकेता को देनी चाही थी, वह कोई सामान्य माला नहीं थी। आचार्य शंकर ने अपने भाष्य में इसे– 'सृंकां शब्दवतीं रत्नमयीं मालामिमामनेकरूपां विचित्रां– यद्वा सृंकाम् अकुत्सितां गतिं कर्ममयीं' कहा है ।[१५]

वास्तव में , जिस प्रकार यम ने नचिकेता को ओम् तथा ह्रीं का रहस्य समझाकर उसे क्रमशः मुक्ति और स्वर्ग के साधनों का ज्ञान कराया था , उसी प्रकार भौतिक जगत् में प्रेयस् प्राप्ति के साधन के रहस्य भी बताने चाहे थे , लेकिन,नचिकेता ने उन्हें जानने के लिए कोई उत्सुकता नहीं दिखाई थी । यम ने नचिकेता से कहा था कि – 'सृंकां चेमाम् अनेकरूपां गृहाण' ।[१६] वस्तुतः, जिस प्रकार 'गुहा' शब्द से परमेश्वर की माया शक्ति 'ह्रीं' अभिप्रेत है, उसी प्रकार 'सृंकां चेमाम्' शब्दों से भी भौतिक–समृद्धि प्रदायिनी शक्तियों की ओर इंगित किया गया है। 'ह्रीं' जिस तरह मायाशक्ति का बीज है, उसी तरह –सृं,कां,चें और आं अथवा सृं कां (च) ईं, तथा आं भी वे बीज हैं, जिनकी साधना से

१४. नैतां सृंकां वित्तमयीमवाप्तो यस्यां मज्जन्ति बहवो मनुष्याः। कठ – १/२/३

१५. कठ १/१/१६ पर शांकरभाष्य

१६. वहीं – १/२/३

अपार भौतिक समृद्धि प्राप्त की जा सकती है ।

आचार्य शंकर ने भी 'सृंकाम्' को 'शब्दवर्ती'.विशेषण देकर शायद इसी रहस्य की ओर इंगित किया है । यम ने स्वयं 'सृंकां' को 'वित्तमयीम्' कहा है। तात्पर्य यह कि सृंकां को ग्रहण करने – अर्थात् उनकी साधना करने से प्रभूत संपत्ति की प्राप्त होती है ।

विचारणीय यह है कि कठोपनिषद् का 'सृं' कहीं भगवती श्री का वाचक बीज 'श्रीं' तो नहीं । यह संभव है । श्रीं का 'सृं' हो जाना असंभव नहीं । आचार्यों ने बीजाक्षरों को प्रायः गोपनीय रखा है। जैसे ह्रीं के लिए गुहा शब्द का प्रयोग हो सकता है, तो श्रीं के लिए सृं का क्यों नहीं ? फिर बीजाक्षर तो अनंत है । सृं अपने आप में श्री का वाचक बीज हो सकता है। सृं सृजन बीज हो सकता है – तदैच्छत बहुस्यां प्रजायेय ।[१७]

जहां तक 'कां' बीज का प्रश्न है, यह श्रीवाचक ही है । श्रीसूक्त में 'कां सोस्मिताम्' वाली ऋचा में 'कां' बीज स्पष्टतः भगवती श्री का प्रतिपादक है। यह कामना बीज भी हो सकता है – 'सोऽकामयत द्वितीयो म आत्मा जायेत' ।[१८]

चें, आम् और ईं भी भौतिक समृद्धिदायक विभिन्न शक्तियों के बीज हैं ।

卐

१७. छान्दोग्य – ६/२/३
१८. बृहदारण्यक – १/२/४

अदितिः देवतामयी

परम शिव का वाचक बीज ओम् है। ओम् की अकार, उकार, मकार और प्रपंचोपशप रूप चार मात्राओं में से अकार और उकार शिव की चित्–शक्ति और मकार तथा बिन्दु परम शिव के वाचक हैं। मकार तथा अनुस्वार (बिन्दु) का उच्चारण बिना स्वर शक्ति अकार और उकार के नहीं हो सकता, वे निष्क्रिय रहते हैं– 'शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्।'[1] फिर भी प्रधानता के कारण 'ओम्' परमतत्त्व का वाचक है। इसलिए कि अकार के उकार में, उकार के मकार में और मकार के चतुर्थमात्रिक ब्रह्म में लीन हो जाने से अन्ततः परमशिव ही शेष रहता है। किन्तु बीज रूप में शक्तितत्त्व भी उसमें अन्तर्निहित रहता है। और, यही चित् शक्ति प्रसव (सृष्टि) काल में स्वात्म भित्ति पर विश्व का उन्मीलन करती है।[2]

कठोपनिषद् इस चित् शक्ति को 'अदितिः' कहती है। अदिति का उन्मीलन प्राण (परम शिव) से होता है।[3] 'अदितिः' शब्द में 'अत्' 'इत्' 'इ'और विसर्ग (:) ये छः अक्षर या वर्ण हैं। इनमें अत् और इत् में से 'त्' का प्रयोग केवल स्वरूप (अ तथा इ) के प्रतिपादन के लिए हैं।[4] अर्थात् ये दोनों केवल अ और इ मात्र हैं। यहां एक अकार, दो इकार, तथा विसर्ग ये चार वर्ण ही अभिप्रेत हैं।

ये चारों ही वर्ण शक्ति के बीज हैं–'अ' ऐं का 'इ' ह्रीं का 'इ' क्लीं का और :(विसर्ग) श्रीं का प्रतीक है। क्योंकि अकार से लेकर विसर्ग तक सभी सोलह स्वर वर्ण शक्ति के 'स्व' वाचक बीज हैं।

१. सौन्दर्यलहरी। १

२. अभिनवगुप्त।

३. या प्राणेन संभवत्यदिति र्देवतामयी..
गुहां प्रविश्य तिष्ठन्ती या भूतेभि र्व्यजायंत। एतद् वै तत्। २/१/७

४. तपरस्तत्कालस्य। पाणिनिः १/१/७०

अथवा 'अदितिः' का अकार शिव रूप है और शिव स्वयं बिन्दु रूप–'अहं बिन्दुः।' दोनों इकार शक्ति रूप तो हैं ही, विसर्ग (:) भी शक्ति रूप ही है–'विसर्गः त्वम्'। इस प्रकार शक्ति त्रितय अर्थात् शक्ति के तीन रूपों (ऐं, ह्रीं तथा क्लीं) की अभिव्यक्ति होती है। इन तीनों में प्राण या शिवरूप अकार बिन्दु के रूप में स्थित है। तात्पर्य यह है कि – ऐ, क्ली, ह्री शक्ति बीजों की पूर्णता उनमें बिन्दु (अनुस्वार) द्वारा ही होती है। इसी प्रकार केवल बिन्दु (शिव) निष्क्रिय–स्पन्दहीन और निर्विकार रहता है। इन दोनों शिव और शक्ति बीजों के योग से ही विश्व का उन्मीलन (अभिव्यक्ति और वाच्यत्व) होता है।

देवी प्रणव 'ह्रीं'

निखिल देवतामयी अदिति का वाचक बीज 'ह्रीं' है। कठोपनिषद् के अनुसार यह 'गुहा' में स्थित है–गुहां प्रविश्य तिष्ठन्तीम्। "देव्यथर्वशीर्ष[५] में इसे 'गुहा' ही कहा गया है। गुहा का तात्पर्य 'ह्रीं' से है। गुहा में प्रविष्ट होकर रहने का मतलब है कि वह शक्ति ह्रीं से वाच्य है, वह 'ह्रीं' बीज में प्रवेश किये हुए है, उसमें छिपी है। ह्रीं उसका वाचक है, ऐसे ही, जैसे ओम् परात्पर शिव का वाचक है।

अचिन्त्य वैभव सम्पन्न होने के कारण इसे ही 'माया' (बीज) कहा जाता है।[६] इसी को उपाधि बना कर शिव उत्पत्ति, स्थिति तथा लयादि प्रपंचन में समर्थ होता है। यह ईश्वर की मूल प्रकृति है। इसी को लक्ष्य करके–'प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय संभवाम्यात्ममायया कहा' गया है।[७]

यह शक्ति प्राणिमात्र के हृदय में (विद्युत) लेखा की भांति निरंतर जागती रहती है, इसलिए इसे 'हृल्लेखा' भी कहते हैं।[८] यह हृल्लेखा शिव

५. कामोयोनिः ..... १४।

६. माया वाचिन्त्यवैभवात्।

७. गीता – ४/६

८. हृदि लेखेव जागर्ति प्राणशक्तिरियं परा।
हृल्लेखा कथ्यते तस्मान्माया वाचिन्त्यवैभवात्।
अनया रहिता सर्वे निर्बीजा मंत्रराशयः।
अतस्तु सर्वमंत्राणामियमुद्‌बोधिनी मता। (गोपालसुन्दरी से उद्धृत)

के साथ अभेदावस्था के कारण गीता में 'ईश्वर' पद से वाच्य है।[९] इस ह्ल्लेखा के माध्यम से ही परम शिव संसार की सभी जीवात्माओं को भ्रान्ति में डाले रहता है। यह ईश्वर की 'आत्ममाया' है, उसकी अभेद शक्ति है। ईश्वर की आत्ममाया होने के कारण ही इसे 'माया बीज' कहा जाता है।

इसी ह्रीं शक्ति के विषय में श्रुति ने कहा है– 'इन्द्र अपनी माया शक्ति से विभिन्न रूप धारण करता है।[१०] कठ की श्रुति भी इसी की ओर इंगित करती है– यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह[११] अर्थात् जो ह्ल्लेखारूप चित् शक्ति जीवोपाधि रूप परमेश्वर में है, वही परात्पर परमेश्वर में भी है। – क्योंकि, इस शरीर में जीवरूप में प्रविष्ट होने वाला परात्पर परमेश्वर ही है– अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि[१२] 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्'।[१३]

अथर्वशीर्ष में शक्ति के ह्रीं बीज को सभी कामनाओं को देने वाला–'सर्वार्थसाधकम्' कहा गया है –

वियदीकारसंयुक्तं वीतिहोत्रसमन्वितम्।
अर्धेन्दुलसितं देव्या बीजं सर्वार्थसाधकम्।[१४]

अर्थात् –

वियत् = 'ह्'
ईकार = 'ई'
वीतिहोत्र = (अग्नि) 'र' तथा
अर्धेन्दु = अर्धचन्द्र (बिन्दु) युक्त = देवी का बीज 'ह्रीं' सर्वार्थ साधक है।

उपनिषद् कहती है कि जो भी साधक (ह्रदय) गुहा में तथा परम व्योम अर्थात् महाकाश में निहित इस परा शक्ति (ह्रीं) को जान लेता है, वह

९. ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।
भ्रामयन् सर्वभूतानि यंत्रारूढानि मायया।। गीता – १८/६१
१०. रूपं रूपं प्रति रूपो बभूव .....इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते। बृहदारण्यक २/५/१९
११. कठ–२/१/१०
१२. छान्दोग्य–६/३/२
१३. तैत्तिरोयोपनिषद्–२/६/१
१४. अथर्वशीर्ष–१८

विद्वान् उस परम तत्त्व के साथ एकात्मकता (अहं ब्रह्मस्मि) के साथ ही सभी भोगों को भोगता है।[१५]

जिस प्रकार पराशक्ति के बिना शिव 'शव' है, निश्चेष्ट है, उसी तरह परतत्त्व शिव के वाचक समस्त मंत्र या नाम इस परा शक्ति 'ह्रीं' के बिना निश्चेष्ट, निष्फल और निर्बीज हैं – अनया रहिताः सर्वे निर्बीजा मंत्रराशयः।[१६] यही कारण है कि पंचदशाक्षरी श्रीविद्या के – वाग्भव, कामकला तथा शक्ति इन तीनों कूटों के अन्त में 'ह्रीं' बीज रखा जाता है।[१७]

ह्रीं एवं पंचदशी विद्या

अथर्वशीर्ष[१८] के अनुसार 'पंचदशी' जगन्माता अदिति की मूल विद्या है। इसका निर्माण 15 बीजाक्षरों से होता है। ये बीजाक्षर हैं –

कामः = क, योनि = ए, कमला = ई,
वज्रपाणि = ल, गुहा = ह्रीं, (वाग्भवकूट)
ह, स, मातरिश्वा = क, अभ्र = ह, इन्द्र = ल,
गुहा = ह्रीं, (कामकला कूट)
स, क, ल, ह्रीं (शक्तिकूट)।

पंचदशी विद्या के दो रूप हैं– कादि और हादि । कादि विद्या की उपासना सांसारिक भोगों में अनुरक्त गृहस्थों तथा हादि विद्या की उपासना परमहंस संन्यासियों के लिए विहित है। अथर्वशीर्ष में प्रतिपादित पंचदशी विद्या कादि विद्या है।

---

१५. यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्।
सोऽश्नुते सर्वान् कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति। तैत्तिरीयोपनिषद्–२/१/१

१६. नरसिंहस्वामी (गोपालसुन्दरी) में उद्धृत

१७. हसकलह्रीं (वाग्भव कूट), हसकहल ह्रीं (कामकलाकूट) सकल ह्रीं (शक्ति कूट)
द्रष्टव्य – देव्यथर्वशीर्ष १४, शंकराचार्य (सौन्दर्यलहरी) ३२
तथा सौन्दर्यलहरी पर श्री रामकवि डिण्डिम तथा नरसिंह स्वामी रचित गोपालसुन्दरी टीका।

१८. कामो योनिः कमला वज्रपाणिः गुहा, हसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः।
पुन र्गुहा, सकला मायया च पुरूच्येषा विश्वमातादि विद्या। ओम्।१४

आचार्य शंकर ने सौन्दर्यलहरी[१९] में निष्काम योगियों द्वारा संपूज्य हादि विद्या के स्वरूप का निर्वचन किया है। उनके अनुसार–

शिव = ह, शक्ति = स, काम = क, क्षिति = ल, ह्ल्लेखा = ह्रीं, (प्रथम कूट), रवि = ह, शीतकिरण (चन्द्रमा) = स, स्मर (काम) = क, हंस = ह, शक्र (इन्द्र) = ल, ह्ल्लेखा = ह्रीं (द्वितीय कूट) तथा परा (शक्ति) = स , मार (काम) = क, हरि (इन्द्र) = ल, ह्ल्लेखा = ह्रीं (तृतीय कूट) ही हादि विद्या है।

शंकर ने कामना–कल्पवल्ली कादि विद्या का उद्घाटन करते हुए कहा है कि हादि विद्या के प्रथम तीन वर्णों के स्थान पर क्रमशः स्मर = क, योनि = ए तथा लक्ष्मी (शक्ति) = ई वर्णों को रखने से कादि विद्या का निमार्ण होता है। इस कादि विद्या की साधना निःसीम भोगों के रसिक (गृहस्थ जन) करते हैं।[२०] अर्थवशीर्ष का भी यही क्रम है।

नरसिंह स्वामिवर्य ने गोपालसुन्दरी टीका में कादि विद्या के शंकर प्रतिपादित स्मर, योनि और लक्ष्मी को क्रमशः क्लीं, ह्रीं तथा श्रीं मानकर इन्हें अष्टादशाक्षर 'सुन्दरीगोपाल मंत्र' के साथ संयुक्त करने की बात की है।[२१]

किन्तु, ज्ञात नहीं किस आधार पर नरसिंह स्वामी ने हादि लोपामुद्रा विद्या के 'हंस' का अर्थ 'लकार' किया है।[२२] ऐसा करने से हादि–कादि विद्या के द्वितीय (कामकला) कूट के स्वरूप में अन्तर आ जायेगा। तब इस कूट का स्वरूप – ह स क ह ल ह्रीं के बदले ह स क ल ल ह्रीं हो जायेगा। यह परंपरागत नहीं है।

---

१९. शिवः शक्तिः कामः क्षितिरथ रविः शीतकिरणः,
स्मरो हंसः शक्रस्तदनु च परामारहरयः।
अमी ह्ल्लेखाभि स्तिसृभिरवसानेषु घटिता,
भजन्ते वर्णा स्ते तव जननि नामावयवताम्।। सौन्दर्यलहरी–३१

२०. स्मरं योनिं लक्ष्मीं त्रितयमिदमादौ तव मनो
विधायैको नित्ये निरवधिमहाभोगरसिकाः।
जपन्ति त्वां चिन्तामणिगुणनिबद्धाक्षवलयाः,
शिवाग्नौ जुह्वन्तः सुरभिघृतधाराहुतिशतैः। वही–३२

२१. वही, गोपालसुन्दरी टीका

२२. वही (रवि हकार, शीतकिरणः सकारः, स्मरः ककारः, हंसो लकारः, शक्रो लकारः...)

अथर्वशीर्ष में शंकर–प्रयुक्त 'हंस' के स्थान पर 'अभ्र' शब्द का प्रयोग किया गया है। विद्वानों ने अभ्र का बीजाक्षर 'ह' माना है। शंकर ने 'अभ्र' के स्थान पर जो 'हंस' का प्रयोग किया है, उसका अर्थ भी विद्वानों ने 'ह' ही किया है।

किन्तु, गूढ़ बीज वर्णों में कौन–कौन से देव बीज निहित हैं, कौन वर्ण शिव–शक्ति के किस स्वरूप का वाचक है, यह परा शक्ति से अनुग्रहीत साधक ही जान सकते हैं। किन्तु, हंस या अभ्र का बीजाक्षर 'ह' है, ऐसा मानकर परंपरा से अलग होने का भय तो नहीं ही है।

आचार्य शंकर ने सौन्दर्य लहरी में पहले हादि विद्या का उद्घाटन किया, फिर कादि का। इसके विपरीत त्रिपुरोपनिषद् में– कामो योनिः कमला वज्रपाणि.... के रूप में प्रथम कादि विद्या का उद्घाटन कर, फिर अगले ही मंत्र द्वारा हादि विद्या का उद्घाटन किया है। इस उपनिषद् के अनुसार पूर्वमंत्र–वर्णित कादि विद्या के छठे, सातवें तथा वह्निसारथि अर्थात्, मातरिश्वा (वायु) बीजों को इसके प्रथम तीन बीजों के स्थान पर क्रमशः रख देने से कादि विद्या को हादि के रूप में परिणत किया जा सकता है।[२३]

इस निर्देश के अनुसार कादि का छठा बीज = 'ह', सातवां 'स' तथा वह्निसारथि (मातरिश्वा) बीज 'क' को कादि विद्या के प्रथम तीन स्थानों पर रखने से (क के स्थान पर ह, ए के स्थान पर स तथा ई के स्थान पर क) हादि का स्वरूप – (हसकलह्रीं) – हो जाता है। सारांशतः, कादि और हादि विद्याओं के स्वरूप निम्नांकित हैं–

कादि	⟷	हादि
क ए ई ल ह्रीं	(वाग्भव कूट)	ह स क ल ह्रीं
ह स क ह ल ह्रीं	(कामकला कूट)	ह स क ह ल ह्रीं
स क ल ह्रीं	(शक्ति कूट)	स क ल ह्रीं।

त्रिपुरोपनिषद् के अनुसार भी हादि विद्या की उपासना अमृतत्त्व (मोक्ष) के उपासक (परमहंस ज्ञानी जन) ही करते हैं– तुष्टुवांसो अमृतत्त्वं भजन्ते।

---

२३. षष्ठं सप्तममथ वह्निसारथिमस्या मूलत्रिकमादेशयन्तः।
कथ्यं कविं कल्पकं काममीशं तुष्टुवांसो अमृतत्वं भजन्ते ।।...९

कामना बीज—क्लीं

परम शिव की चिदानन्दलहरी का वाचक तृतीय शक्ति बीज "क्लीं" है। इस बीज में क्, ल्, ई और अनुस्वार ये चार वर्ण हैं। इनमें से क वर्ण काली, काम तथा कृष्ण, ल इन्द्र तथा पृथ्वी, ई शक्ति एवं तुष्टि तथा अनुस्वार शिव, कल्याण आदि के वाचक है। किन्तु, तंत्र साधना में मुख्यतः क्लीं को काली, काम और कृष्ण का बीज माना जाता है।[२४]

क अर्थात् काम 'ब्रह्मसू' कहा जाता है— ब्रह्म की प्रथम कामना या इच्छा का प्रतीक— 'कामः इच्छा कामना इत्यर्थः।' ब्रह्म की प्रथम कामना—'एकोऽहं बहु स्याम्' है। इसके बाद 'स ऐच्छत् जाया मे स्यात्' मेरी पत्नी हो। तब वह स्त्री और पुरुष संपृक्त (संमिलित) अर्धनारीश्वर रूप में हुआ। फिर उसने अपने उस 'अर्धनारीश्वर' रूप को दो भागों में विभक्त किया – एक स्त्री और दूसरा पुरुष।

क्योंकि, उसने उक्त दो भाग अलग—अलग कर लिए, इसलिए वह अपने को अधूरा (अर्धबृगलम्) ही महसूस करता है। और, जब तक इसके ये दोनों भाग (स्त्री—पुरुष) एक नहीं होते, वह अपने को अधूरा ही महसूसता है। वस्तुतः, स्त्री के बिना पुरुष 'आकाश' की तरह शून्य है। यह आकाश स्त्री से ही पूर्णत्व को प्राप्त होता है। स्त्री—पुरुष के इसी (संपृक्त) रूप या भाव से मनुष्य (आदि) की उत्पत्ति हुई।[२५]

ईश्वर की यह कामना शक्ति 'क्लीं' सृष्टि—बीज भी है। यही उसकी (ईश्वर की) प्रकृति भी है —या स्रष्टुः सृष्टिराद्या प्रकृतिरिति। कालिदास इस 'प्रकृति' को पृथ्वी कहते हैं, क्योंकि ईश्वरीय काम (कामना) इस प्रकृति का सहारा लेकर ही साकार होती है – प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य विसृजामि

---

२४. कः कामदेव उद्दिष्टोऽप्यथवा कृष्ण उच्यते,
ल इन्द्रः ईः तुष्टिवाची सुखदुःखप्रदं च मम्।
कामबीजार्थ उक्त स्ते तव स्नेहान्महेश्वरि। योगकर्णिका बीजकोश—९८—९९

२५. स दिवतीयमैच्छत्। स हैतावानास यथा स्त्रीपुमांसौ संपरिष्वक्तौ।
स इममेवात्मानं द्वेधापातयत्। ततः पति श्च पत्नी चामवताम्। ....
तस्मादिदमर्धबृगलमिव स्व इति ह स्माह याज्ञवक्यः। तस्मादयमाकाशः स्त्रिया पूर्यत एव तां समभवत्। ततो मनुष्या अजायन्त। – बृहदारण्यक— १/४/३

पुनः पुनः।[२६] तांत्रिक उपासना में पृथ्वी (प्रकृति) का बीज 'ल' है। सृजन की कामना (क) के पश्चात् उसके लिए आधारभूत, या उस काम बीज को अंकुरित करने वाली शक्ति पृथ्वी (ल) की अनिवार्यता है। इसीलिए 'क्लीं' इस कामबीज में क के अनन्तर ल का प्रयोग किया गया है।

परम शिव के काम (क) बीज का रोपण पृथ्वी 'ल' में कर दिया गया। लेकिन, जब तक काम बीज में अंकुरण की शक्ति न हो, सृजन नहीं हो सकता। सृजन के लिए पृथ्वी (ल) के गहन तम में पड़े हुए कामबीज में स्पन्द की आवश्यकता है, उष्मा की जरूरत है। यह कार्य उस परशिव की अपनी अभिन्न शक्ति (ई) ही कर सकती है – 'संभवाम्यात्ममायया'।[२७] ईश्वर अपनी मायाशक्ति (ई) के बिना अंकुरणादि सृजन क्रिया में समर्थ नहीं हो सकता।[२८] काम बीज का पृथ्वी के साथ संयोजन होने पर भी इसके स्पन्दन या अंकुरणादि के लिए शक्ति की आवश्यकता है, इसी तथ्य को ध्यान में रखकर क् ल् के आगे ई बीज रखा गया है।

किन्तु, अंकुरित (काम) बीज में भी जब तक अनिर्देश्य प्राणन–शक्ति का संचार नहीं होता, जब तक वह सफल नहीं हो सकता। अनुस्वार ही वह ईश्वर या प्राणन शक्ति है, जो क ल और ई में चेतनता का संचार करती है। इस तरह काम (क), आधार (पृथ्वी), ल अंकुरण–शक्ति (ई) और इन तीनों में चैतन्य संचारित करने वाले शिव–बीज (अनुस्वार) को मिलाकर संपद्यमानार्थक, संभवनार्थक या सृष्ट्यर्थक काम बीज 'क्लीं' की निर्मिति होती है।

क्लीं ब्रह्म का संकल्प बीज है, ब्रह्ममय है। अतः संकल्प–ब्रह्म 'क्लीं' की उपासना करने वाला साधक जो भी संकल्प करता है, जहां तक संकल्प की गति है, वहां तक उसकी स्वेच्छागति होती है।[२९]

---

२६. गीता ९/८

२७. 'प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय संभवाम्यात्ममायया'। वहीं ४/६

२८. 'शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्'।
न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि। सौ० –।

२९. यावत् संकल्पस्य गतं तत्रास्य यथाकामचारो भवति, यः संकल्पो ब्रह्मेत्युपासते।
छान्दोग्योपनिषद्, अध्याय–४, –४ मंत्र–३

महालक्ष्मी बीज 'श्रीं'

परा शक्ति का चतुर्थ महान् बीज 'श्रीं' है। श्रीं महालक्ष्मी बीज है। महालक्ष्मी के दो स्वरूप हैं – श्री और लक्ष्मी। शुक्ल यजुर्वेद के अनुसार सहस्रशीर्ष, सहस्रपाद, जिसके एकपाद में सारा ब्रह्माण्ड है और तीन पाद ब्रह्माण्ड से परे अमृतमय हैं, उस नारायण पुरुष की दो पत्नियां हैं–पहली श्री और दूसरी लक्ष्मी।[३०]

यजुर्वेद में उल्लिखित श्री और लक्ष्मी के स्वरूप को स्पष्ट किया है परम मेधावी विद्वान् महीधर ने। उनके अनुसार 'जिसके द्वारा व्यक्ति सभी लोगों का आश्रय बनता है, वह श्री है –

'यया सर्वजनाश्रयणीयो भवति सा श्रीः'

अथवा जिसके द्वारा व्यक्ति संपत्तिशाली बनता है, वह श्री है–

'श्रीयते अनया श्रीः सम्पदित्यर्थः'

और, जिसके द्वारा वह लक्षित किया जाता है, अर्थात् दूसरों का ध्यान आकर्षित करता है, वह लक्ष्मी है। यहां लक्ष्मी सौन्दर्य का पर्याय है–

यया लक्ष्यते दृश्यते जनैः सा लक्ष्मीः, सौन्दर्यमित्यर्थः।[३१]

तैत्तिरीय आरण्यक[३२] में – श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च ते..... इस मंत्र के श्रीः के स्थान पर 'ह्रीश्च ते लक्ष्मीश्च ते' पाठ है। वहां 'ह्री' को लज्जाभिमानी देवता तथा लक्ष्मी को ऐश्वर्याभिमानी देवता माना गया है–ह्रीर्लज्जाभिमानी देवता, लक्ष्मीरैश्वर्याभिमानी देवता।[३३]

तात्पर्य यह कि 'श्री' बीज एक ओर संपत्ति की स्वामिनी श्री देवी का वाचक है, तो दूसरी ओर सौन्दर्य की देवी लक्ष्मी का और तीसरी ओर शालीनता की देवी ह्रीं या लज्जा का।

यह महालक्ष्मी सर्वसंपत्स्वरूपिणी, संपत्ति की अधिष्ठात्री, वृद्धिस्वरूपा, वृद्धिदा, क्रोध–हिंसावर्जिता (ह्रीं स्वरूपा) सत्स्वरूपा,

३०. श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे ... शु०य० ३१/२२

३१. वही, महीधर कृत भाष्य

३२. ३/१३/६

३३. वही, सायणभाष्य

परमार्थप्रदा तथा सर्वदा प्रसन्नस्वरूपा है। यह देवी बैकुंठ में महालक्ष्मी, क्षीरसागर में लक्ष्मी, इन्द्र के यहां स्वर्गलक्ष्मी राजाओं के यहां राजलक्ष्मी, सद्‌गृहस्थों के गृह में गेहलक्ष्मी और गृहदेवता आदि के रूप में स्थित है। चन्द्रमा की कान्ति यही है तथा कमलों में कान्ति और कोमलता के रूप में यही विद्यमान है। यह लक्ष्मी ही कला और सौन्दर्य की देवी है। इसके बिना सारा संसार भस्मवत् निरर्थक है, असार है; सारा संसार जीवित होते हुए भी मृत है।[३४]

श्रीं बीज में शकार, रकार, ईकार तथा बिन्दु (अनुस्वार) ये चार वर्ण हैं। इनमें श महालक्ष्मी का, र संपत्ति का, ई तुष्टि का वाचक तथा बिन्दु दुःखहरार्थक है।[३५] तात्पर्य यह कि इस 'श्रीं' बीज के साधक को महालक्ष्मी इतनी लौकिक–अलौकिंक संपत्ति और शोभा प्रदान करती हैं कि वह पूर्णकाम और तुष्ट हो जाता है।

कमलवासिनी महालक्ष्मी का बीज है 'श्रीं'। इसके पूर्ण मंत्र का उद्‌घाटन देवीभागवत में किया गया है –

लक्ष्मीर्मायाकामवाणीङेता कमलवासिनी,
वैदिको मंत्रराजोऽयं प्रसिद्धः स्वाहयान्वितः।[३६]

अर्थात् लक्ष्मी (श्रीं), माया (ह्रीं), काम (क्लीं), वाणी (ऐं), ङे (ए), ता (कमलवासिनी शब्द में तादर्थ्य में ङे) अर्थात् चतुर्थी विभक्ति लगाकर (कमलवासिन्यै) तथा उसके बाद 'स्वाहा' शब्द रखने से लक्ष्मी के मंत्र (श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं कमलवासिन्यै स्वाहा) – का निर्माण होता है।

देवीभागवत के इस श्लोक में – ङेता – का अर्थ 'तादर्थे चतुर्थी है।' 'ङे' चतुर्थी विभक्ति के एकवचन का प्रत्यय है।[३७] इसमें से ङ् का लोप हो

---

३४. विशेष के लिए देखें – देवीभागवतपुराण – ९/४२

३५. महालक्ष्म्यार्थकःशः स्याद् धनार्थे रेफ उच्यते ।
ईस्तुष्टार्थे परो नादो बिन्दु र्दुःखापहारकः ।
लक्ष्मीदेव्या बीजं चैतत् तेन देवीं प्रपूजयेत् ।। योगकार्णिका–९७.

३६. देखे भागवतपुराण –९/४२

३७. स्वौजसमौट्छष्टाभ्यामभिस्ङेभ्याम्भ्यस्ङसिभ्याम्भ्यस्ङसोसाम्ङ्योस्सुप् ।
अष्टाध्यायी – ४/१/२

जाता है[३८] तब केवल 'ए' शेष रहता है। यह 'ए' शक्ति बीज है। यह 'ए' नमः शब्द का भी पर्याय है[३९]। स्वाहा, स्वधा नमः आदि के योग में (ङे) चतुर्थी विभक्ति होती है।[४०] उक्त लक्ष्मीमंत्र में कमलवासिनी शब्द से ङे का योग करने से 'कमलवासिन्यै' बनता है। इस श्लोक द्वारा मंत्र के अन्त में 'स्वाहा' शब्द के प्रयोग का निर्देश है। इस स्वाहा शब्द का प्रयोग अन्य किसी अर्थ में नहीं अपितु 'नमः' के अर्थ में ही हो, इस तथ्य को सुनिश्चित करने के लिए ङे के साथ[४१] तदर्थ में ता का (ङेता कमलवासिनी) प्रयोग किया गया है।

'स्वाहा' शब्द का अर्थ (स्वा+हा) अपना सर्वस्व त्याग (ओहाक् त्यागे) या सर्वस्व समर्पण भी है। इस दृष्टि से मंत्र का अर्थ 'कमलवासिनी के लिये मैं अपना सब कुछ समर्पित करता हूँ' भी होगा।

ऐं ह्रीं क्लीं और श्रीं शक्ति–प्रणव बीज हैं। मुख्यतः ये बीजमंत्र क्रमशः महासरस्वती, महाकाली, महालक्ष्मी और श्री (समृद्धि और कान्ति की देवी) की साधना में प्रयुक्त किये जाते हैं। किन्तु, भावना–भेद से ये बीजमंत्र विभिन्न देवी–देवताओं की साधना में भी प्रयुक्त किये जाते हैं। उदाहरण के लिए क्लीं बीज का प्रयोग कामदेव, कृष्ण, काली और पराशक्ति आदि की उपासना में किया जाता है।

वाग्बीज 'ऐं'

शक्ति बीज 'ईं' में निहित पराशक्ति का बीज "ऐं" है। इसमें बिन्दु परशिव का वाचक है और 'ऐ' पराशक्ति का। इस बीज का निर्माण शक्ति वाचक बीज ईं में भाव प्रत्यय (घञ्)[४२] लगाने से होता है 'ईकारस्य भावः ऐकारः' अर्थात् ईं में रहने वाली शक्ति का नाम ऐं है।

३८. वही, लशक्वतद्धिते १/३/८ तस्य लोपः १/३/९

३९. प्रणवो बीजमाख्यातं नमः शक्तिरुदीरिता" इत्यादौ नमः पदस्य च शक्तिपदार्थताप्रतिपादनात् एकारेण च चतुर्थ्येकवचने ङे इत्यस्योक्तिः।
सौन्दर्यलहरी के प्रथम श्लोक पर गोपालसुंदरी टीका

४०. नमः स्वस्तिस्वाहास्वधालंवषड् योगाच्च।।

४१. तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या (वार्तिक – १४५८) अष्टाध्यायी – २/३/१६.

४२. भावे– अष्टाध्यायी – ३/३/१८
गत्यर्थक इण् धातु में 'भावे' सूत्र से भावार्थक घञ् प्रत्यय और वृद्धि करने से 'ऐ' बनता है। यह 'ऐ' सृष्टि रूपिणी भगवती सरस्वती का वाचक है– ऐंकारी सृष्टिरूपिण्यै ...

'शिव' शब्द में शकार, इकार, वकार तथा अकार ये चार वर्ण हैं। इनमें से शकार तथा वकार शिव के वाचक हैं तथा इकार व अकार शक्ति के। इ तथा अ के क्रम बदल देने से ये अ तथा इ हो जाते हैं। इन दोनों वर्णों की संधि से 'ए'[४३] बीज का निर्माण होता है। यह 'ए' भगवान् शंकराचार्य द्वारा सौन्दर्यलहरी में उद्घाटित कामकला बीज है।[४४] यह कामकला बीज ही पूर्ववत् भाव में 'ऐ' हो जाता है। इसमें पर शिव वाचक बिन्दु लगा देने से 'ऐं' बीज की अभिव्यक्ति होती है।

यह संपूर्ण जगत् इसी ऐं शक्ति द्वारा अभिधेय है, वाच्य है। क्योंकि यह जो कुछ भी है, वह समस्त 'ऐं' ही है। इस तथ्य को ही यम ने नचिकेता से–एतद् वै तत्[४५]– कह कर उद्घाटित किया था। एतत् वै तत् का सामान्य अर्थ है– यह सब कुछ जगत् वह (शक्ति) ही है। किन्तु 'एतत् वै तत्' में परा शक्ति 'वाक्' का स्वबीज 'ऐं' छिपा हुआ है। इसका उद्घाटन निम्न प्रकार से किया जा सकता है–

एत् (ए)	अत् (अ)
वै (निश्चय)	तत् (वह) है।

यहां एत् तथा अत् में तकार 'तपरस्तत्कालस्य'[४६] के अनुसार केवल ए और अ को रेखांकित करते हैं। इस प्रकार एतत् वै तत् का अर्थ हुआ –यह सब कुछ ए और अ है। अब, इनका क्रम उलट कर संधि कर देने से 'ऐ' बीज का उद्घाटन होता है। इसमें पर शिव वाचक बिन्दु लगाने से 'ऐं' बीज निर्मित होता है।

एत् और अत् का क्रम न बदलने पर भी इस बीज की सिद्धि होती है। ए का भाववाचक 'ऐ' बना लेने के पश्चात् परशिव वाचक अकार को बिन्दु रूप मानकर इस बीज का निर्माण किया जा सकता है।

---

४३. अदेङ्गुण – वही ६/१/८७
आद्गुणः – वही १/१/२
४४. सौन्दर्यलहरी – १९ वां श्लोक
४५. कठोपनिषद् – २/१/७
४६ अष्टाध्यायी – १/१/७०

कुंजिका स्तोत्र में 'ऐं' स्वरूपा भगवती को सृष्टिरूपा कहा गया है[४७] क्योंकि नाम और रूप 'इदं नाम अयं रूपः' में पदार्थों की अभिव्यक्ति ही 'सृष्टि' है और ऐसी अभिव्यक्ति भगवती 'वाक्' द्वारा ही संभव है।[४८]

ऋग्वेद के वागाम्भृणी सूक्त में[४९] 'य ईं श्रृणोति' से ईं बीज से बोध्य ऐं बीज की ओर ही इंगित किया गया है वहां भगवती 'वाक्' अपने स्वरूप का स्वयं निर्वचन करती हुई कहती हैं—

'परो दिवा पर एना पृथिव्यैतावती महिना संबभूव'

अर्थात् 'मैं आकाश और पृथ्वी से परे हूँ। यह सारी सृष्टि मेरी महिमा का प्रस्पन्द है।'

वास्तव में, ऋग्वेद का वागाम्भृणी सूक्त भगवती पराशक्ति 'वाक्' की महिमा का प्रतिपादक अद्भुत सूक्त है।[५०]

भगवती वाग्देवी के बीज नाम 'ऐं' की महिमा का प्रतिपादक एक कथानक देवीभागवत में भी आया है, जिसके अनुसार एक व्याध के बाण से आहत वन वराह की रक्षा तपस्यारत ब्राह्मण सत्यव्रत के मुख से अकस्मात् निकले 'ऐ, ऐ' इस अशुद्ध सारस्वत बीज से हुई थी।[५१] देवीभागवत के अनुसार ही भयभीत व्यक्ति द्वारा 'ऐ' 'ऐ' जैसे बिन्दुविहीन सारस्वत मंत्र के उच्चारण से भी रक्षा होती देखी जाती है।[५२] इस प्रकार भगवती वाग्देवी के बीज 'ऐं' के अस्पष्ट, अशुद्ध और अज्ञातार्थ उच्चारण से भी भयाक्रांत की रक्षा यदि संभव होती है, तो इसके शुद्ध और भावनापूर्ण जप से किस भय की निवृत्ति नहीं हो सकती?

आचार्य शंकर ने भी सारस्वत बीज के इस प्रभाव का वर्णन अपने

---

४७ ऐंकारी सृष्टिरूपायै ...

४८ सर्वं शब्देन भासते —१ वाक्यपदीयम् — १/१२३

४९ १०/१२५/८

५० ऋग्वेद — १०/१२५/८

५१. द्रष्टव्य — देवीभागवत — ३/११

५२. ऐ ऐ इति भयार्तेन दृष्ट्वा व्याघ्रादिकं वने,
बिन्दुविहीनमपीत्युक्तं वांच्छितं प्रददाति वै। — वही ३/९/४३

'लघुस्तव' नामक स्तोत्र में किया है।[५३]

वस्तुतः ह्रीं क्लीं श्रीं आदि देवी बीजों की आधारभूत मातृका 'ईं' का भावात्मक शक्ति बीज ऐं 'एतद् वै तत्' इस कठ श्रुति के प्रामाण्य से निखिल ब्रह्माण्ड की कारण भगवती पराशक्ति का बोधक बीज है। इसकी उपासना से ब्रह्माण्ड की सभी देवी और भौतिक शक्तियों की उपासना संपन्न मानी जाती है। इसीलिए देवीमाहात्म्य के बीजभूत 'तंत्र दुर्गासप्तशती' के सभी बीज मंत्रों में 'ऐं' बीज का संयोजन है।

भगवती पराशक्ति का यह 'ऐं' बीज सारस्वत बीज होने के कारण समस्त लौकिक एवं परालौकिक विद्याओं के उपार्जन में अद्भुत सामर्थ्य रखता है।

बधूबीज 'स्त्रीं'

स्त्रीं बधूबीज है। इसमें सकार दुर्गोत्तारणवाच्य, अर्थात् दुर्गम स्थितियों से रक्षा करने वाली शक्ति दुर्गा का वाच्य है। भवसागर से तारने वाला रकार समस्त मंत्र के अर्थ का, ईकार महामाया तथा बिन्दु दुःख–हर्ता का वाचक है। अर्थात् (स्त्रीं) स्त्री (बधू) के रूप में ही वह महेश्वरी जीव को इस संसार सागर से पार करती है। अपने आप को विश्व के रूप में परिणत करने के लिए 'शिव की पत्नी' का रूप धारण करने वाली भगवती उमा हैमवती ही इस बधूबीज 'स्त्रीं' की परम वाच्य हैं। इसी बधूबीज 'स्त्रीं' का सहारा लेकर पुंस्तत्त्व आत्मविस्तार करता है और अपने आपको अक्षर–अमृत और शाश्वत बनाता है। इसी बीज का आश्रय लेकर वह संतान–तन्तु का विस्तार करता है, अपने आप को प्रणव अर्थात् नित्य नूतन बनाता है–'आत्मा वै जायते पुत्रः' से इसी तथ्य को कहा गया है।

---

५३. दृष्ट्वा संभ्रमकारिवस्तु सहसा ऐ ऐ इति व्याहृतं,
येनाकूतवशादपीह वरदे बिन्दुं विनाप्यक्षरम् ।
तस्यापि ध्रुवमेव देवि तरसा जाते तवानुग्रहे,
वाचः सूक्तिसुधारसद्रवमुचो निर्यान्ति वक्त्राम्बुजात् ।।

यह वही बीज है, जिसकी कामना परम शिव ने सबसे पहले की थी – स द्वितीयमैच्छत्, जाया मे स्यात् ।' यह वही तत्त्व है, जो नौ या दस मास[1] तक अपने पति (शिव) को अपने गर्भ में पालकर 'जाया' इस महामहिमाशाली पद को सुशोभित करती है – सो कामयत जाया मे स्यादथ प्रजायेय (बृहदारण्यक–१/४/१७)। पत्नी को 'जाया' कहा ही इसलिए जाता है कि वह पति को पुनः नया जन्म (संतान के रूप में) देती है।

'जाया', क्योंकि गर्भ के रूप में पति का पालन–संवर्धन करती है, इसलिए – पति का भी कर्तव्य बनता कि वह उसका पालन, पोषण, संवर्धन, सत्कार और सम्मान करे –सा भावयित्री भावयितव्या भवति[2] श्रुति का यही तात्पर्य है।

स्त्रीं बीज की उपासना करने वाले साधक का गृहस्थ जीवन सुख, शान्ति और समृद्धिपूर्ण होता है और जीवनपर्यन्त पति–पत्नी अभेदभाव से सामंजस्यपूर्ण समरसता का आस्वाद करते हैं।

इनके अतिरिक्त अक्षमालोपनिषद् में अ से लेकर क्ष पर्यन्त वर्णमाला में आये सभी वर्णों के अर्थ एवं गुण–संक्षेप में दिये गये हैं, जिनसे अनगिनत बीजमंत्रों की रचना होती है। इन मातृकाओं से निर्मित बीजमंत्रों की उपासना से मातृकाओं मे निहित निम्नांकित गुणों के अनुरूप सिद्धियां प्राप्त होती हैं–

अं	=	सर्वव्यापक, मृत्युंजयता,
आं	=	आकर्षण एवं सर्वव्यापकता
इं	=	पुष्टिकर एवं क्षोभकर,
ईं	=	वाक्प्रसाद एवं निर्मलता
उं	=	सर्वबलप्रद एवं सार,

१. योषा वाव गौतमाग्निः .... इति तु पंचम्यामाहुता वापः पुरुषवचसो भवन्तीनि उल्बावृतो गर्भो दश वा नव वा मासानन्तः शयित्वा यावद्वाथ जायते । छान्दोग्य–५/९/१

२. सा भावयित्री भावयितव्या भवति तं स्त्री गर्भं बिमर्ति... ऐतरेयोपनिषद्–२/३
पतिर्जायां प्रविशति गर्भो भूत्वा स मातरम् ।
तस्यां पुन र्नवो भूत्वा दशमे मासि जायते ।। मनुस्मृतिः९/८

ऊं	=	उच्चाटनकर एवं दुःसह
ऋं	=	संक्षोभकर एवं चंचलता,
ॠं	=	संमोहन एवं उज्ज्वलता
लृं	=	विद्वेषण एवं मोहकता,
ॡं	=	मोहन
एं	=	सर्ववशंकर,
ऐं	=	शुद्ध, सात्विक एवं पुरुषवशंकर
ओं	=	नित्य, शुद्ध एवं अखिल वाङ्मयता,
औं	=	सर्व वाङ्मयता एवं वशंकर
अं	=	गजादि वशंकर एवं मोहन,
अः	=	मृत्युनाशकर एवं रौद्र स्वरूप।
कं	=	सर्व विषहर एवं कल्याणप्रद,
खं	=	व्यापक एवं सर्वक्षोभकर
गं	=	सर्व विघ्नशमन एवं महत्तर,
घं	=	सौभाग्यप्रद, स्तंभनकर
ङं	=	उग्र एवं सर्वविषनाशक,
चं	=	अभिचारघ्न एवं क्रूर
छं	=	भीषण– भूतनाशकर
जं	=	दुर्धर्ष एवं कृत्यादिनाशकर
झं	=	भूतनाशकर
ञं	=	मृत्युप्रशमन
टं	=	सुभग, सर्वव्याधिहर
ठं	=	चन्द्रस्वरूप/चन्द्रबीज
डं	=	विषघ्न, शोभन, गरुणात्मक,
ढं	=	सर्वसंपत्कर, सुभग

णं = सर्वसिद्धिप्रद, मोहन

तं = धनधान्यप्रद, संपत् दायक

थं = धर्मप्राप्तिकर, निर्मल

दं = पुष्टि—वृद्धिप्रद, निर्मल

धं = विष—ज्वरघ्न, विपुल,

नं = भुक्ति—मुक्तिप्रद

पं = विष—विघ्ननाशक, भव्य

फं = अणिमादिसिद्धिप्रद, ज्योतिस्वरूप

बं = सर्वदोषहर, शोभन,

भं = भूतप्रशान्तिकर, भयंकर

मं = विद्वेषी एवं मोहन

यं = सर्वव्यापक, पावन

रं = दाहकर, विकृत

लं = विश्वंभर, भासुर

वं = सर्वव्यापन एवं संतुष्टिकर,

शं = सर्वफलप्रद, निर्मल

षं = धर्मार्थकामप्रद, धवल,

सं = सर्वकारण, सर्व वर्णिक

हं = सर्ववाङ्मयस्वरूप—निर्मल,

ळं = सर्वशक्तिप्रद, प्रधान

क्षं = परात्परतत्त्वज्ञापक, परज्योतिस्वरूप ।'*

* द्रष्टव्य – अक्षमालोपनिषद्

सर्वमस्मिं समाहितम्

छान्दोग्य में एक सुन्दर आख्यान है। 'एक बार मृत्यु से भयभीत देवताओं ने उससे बचने के लिए ऋग्, यजुष् तथा सामवेद (प्रतिपादित विद्या अर्थात् साधन–बहुल कर्मकांड) में प्रवेश किया। उन्होंने वैदिक मंत्रों द्वारा अपने को कवचित कर (ढक) लिया। उन्हें ऐसा लगा कि अब मृत्यु उन्हें नहीं देख पायेगी। लेकिन, यह उनका भ्रम था। वे (वैदिक मंत्रों के आधार पर यज्ञादि का अनुष्ठान करके भी) मृत्यु से बच नहीं सके। जिस तरह मछुआरा जल में छिपी हुई मछलियों को भी देख लेता है, उसी प्रकार साम, यजुष् और ऋग्वेद (के अनुष्ठानों) में अपने आप को छिपा और सुरक्षित मान रहे देवों को भी मृत्यु ने देख लिया।

देवताओं को जैसे ही यह अवगत हुआ कि मृत्यु ने उन्हें देख लिया है, (उन वैदिक अनुष्ठानों को छोड़) स्वर अर्थात् ओम् (बीज)की उपासना में लग गये। इससे वे मृत्यु से बचकर अमृत और निर्भय हो गये।'[१]

इस आख्यायिका का आध्यात्मिक अर्थ है। वह यह कि बाह्य साधन निरपेक्ष–नामोपासना ही सर्वोत्तम है। यह नामोपासना उपास्यदेव के बीजनामों का जप और उनमें उपास्य की भावना ही है।

यहाँ उल्लेखनीय केवल यह है कि साधन–बहुल वैदिक अनुष्ठानों को छोड़कर वेदत्रयी के सार बीजरूप, साधन–निरपेक्ष ओम् की साधना से ही देव अपने लक्ष्य को पाने में समर्थ रहे। वेदत्रयी–प्रतिपादित साधना न्यूनता से ग्रस्त थी, इसलिए मृत्यु उन्हें देखने में समर्थ रही। वस्तुतः, न्यूनता या अपूर्णता ही मृत्यु है और पूर्णता या भूमात्व ही अमरत्व है। अल्पता ही दुःख है, मृत्यु है और भूमात्व या पूर्णता ही सुख है, अमरत्व है।[२]

---

१. छान्दोग्य – १/४/१–५

२. यो वै भूमा तत्सुखं नाल्पे सुखमस्ति। छान्दोग्य – ७/२३/१

परमात्मा के बीज नाम ओम् द्वारा उसकी उपासना बाह्य साधन निरपेक्ष होने के कारण सर्वश्रेष्ठ उपासना है।[३] इसी प्रकार विभिन्न दैवी शक्तियों की उनके वाचक बीज नामों से की गई उपासना मूर्त प्रतीक–सापेक्ष उपासना से श्रेष्ठ है।

किसी शास्त्रीय और उत्तम आलम्बन को ब्रह्म या अपने साध्य इष्ट का स्वरूप मानकर अपने मन को अविच्छिन्न (रूप) से उसमें लगा देना ही प्रतीकोपासना है। प्रतीकोपासना के लिए किसी मूर्त रूप जैसे मूर्ति आदि या अमूर्त (नाम) का आलंबन लिया जाता है। प्रायः सगुण परमेश्वर की उपासना के लिए साकार मूर्ति आदि तथा निगुर्ण परमेश्वर की उपासना के लिए नाम का आलंबन लिया जाता है। ये नाम और रूप दोनों ही ईश्वर के प्रतीक हैं।

परमात्मा के पुर इस शरीर में दहराकाश स्थित ब्रह्म के अतिरिक्त उसकी सेवा में जुटे असंख्य देवी–देवता तथा पंचभौतिक संसार आदि सब कुछ है। कर्मेंद्रियां, ज्ञानेन्द्रियां, प्राण, मनस् बुद्धि, चित्त, अहंकार इन सब का संचालन जिनके द्वारा हो रहा है, वे सब देवी–देवता अपनी समस्त साजसज्जा के साथ इस शरीर में विद्यमान हैं। अनेक नाम–रूप वाले देवी–देवता इस मानव शरीर में अपने सूक्ष्म रूप में ही अपनी समस्त महिमाओं के साथ स्थित हैं। उन सबके नाम और रूप पृथक्–पृथक् हैं। वे अपने नाम और रूप से संबोधित और ध्यायित होकर साधक को यथेष्ट फल प्रदान करते हैं।

विराट् और व्यापक रूप से ब्रह्माण्ड और सूक्ष्म रूप से इस शरीर में स्थित देव–शक्तियों की उपासना के अनेक प्रकार प्रचलित हैं। किन्तु, उनके विराट् रूप की उपासना सामान्य साधकों के लिए प्रारंभ में दुष्कर है। विश्वोत्तीर्ण विराट् ब्रह्म की साधना सुगम नहीं है। इसीलिये महर्षियों ने प्रतीक साधना द्वारा विराट् तक पहुंचने की विधि आविष्कृत

३. ओमित्येतदक्षरं परमात्मनोऽभिधानम् – तथा चार्चादिवत् परस्यात्मनः प्रतीकं सम्पद्यते। एवं नामत्वेन प्रतीकत्वेन च परमात्मोपासनसाधनं श्रेष्ठम्।

शांकरभाष्य–(छान्दोग्य–१/१/१)

की। 'आदित्य ब्रह्म है', 'आकाश ब्रह्म है' आदि श्रुति वाक्यों द्वारा इसी तथ्य को सामने लाया गया है।

एक छोटी सी मूर्ति में विराट् विष्णु की परिकल्पना और उसके बाद अपने हृदय के भीतर उस विराट् की भावना करके उसका साक्षात्कार करना सबसे सरल है। इसी प्रकार परात्मा के अनन्त नाम या वाचक पदों में से सबसे प्रिय और सबसे सरल नाम का चयन कर उसे संबोधित करना और उसके गुणों का चिन्तन करना नामोपासना है।

परात्मा के अनन्त नामों में से प्रणव या उद्गीथ 'ओम्' नाम उसके सबसे नजदीक और साधक के लिए सबसे सरल है। 'ओम्' उसके इस नाम में समस्त विश्व के नाम छिपे हुए हैं। ओम् नाम विश्व के प्रत्येक नाम में उसी तरह व्याप्त है, जैसे विश्व के समस्त रूपों में वह (परात्मा) व्याप्त है।

'ओम्' यह नाम विश्व के समस्त नामों का 'बीज' है। आचार्यों ने ओम् बीज नाम को 'तार या तारक–बीज' कहा है। वह इसलिए कि इस ओम् बीज द्वारा समस्त नाम बीजों का अतिक्रमण करके निर्बीजावस्था का साक्षात्कार किया जा सकता है।

जिस प्रकार हृदयाकाश में स्थित परमात्मा–ब्रह्म के वाचक बीज नाम ओम्, है उसी प्रकार इस शरीर के करोड़ों अवयवों के अधिष्ठात्री दैवी शक्तियों के भी अपने–अपने बीज नाम हैं। जिस प्रकार वह परात्मा अपने प्रिय ओम् नाम से संबोधित होकर साधक की समस्त कामनाओं की पूर्ति करके उन्हें पूर्णकाम या आप्तकाम कर देता है, उसी प्रकार शरीरान्तर्गत विभिन्न दैवी शक्तियां अपने–अपने प्रिय बीजनामों से संबोधित और साधित होकर अपनी शक्ति के अनुसार साधकों की कामनाओं की पूर्ति करती हैं।

इसके साथ ही यह भी तथ्य है कि जिस प्रकार उस परतत्त्व का साक्षात्कार अपने अन्दर उसकी भावना करने से अपने अन्दर ही होता है, उसी प्रकार विभिन्न देवी–शक्तियों का साक्षात्कार भी साधक को अपने अन्दर ही होता है। तात्पर्य यह कि ब्रह्म–साधना तथा अन्य देवी–देवताओं की साधना के लिए बाह्य साधनों की अनिवार्यता नहीं है। वास्तव में, विराट् की साधना बाह्य साधना है। इसके लिए बाह्य

साधन (यज्ञ–याग के लिए अपेक्षित साधनों) की जरूरत होती है। लेकिन, सूक्ष्म आन्तर–साधना के लिए बाह्य–साधनों की जरूरत नहीं होती।

वैदिक काल से प्रचलित यज्ञ आदि विराट् की साधनाएं हैं। इसके विपरीत उपनिषत्प्रतिपादित आत्मोपासना साधन–निरपेक्ष आन्तरिक साधना है। बीजनामों या बीजाक्षरों की साधना में बाह्य–साधनों की आवश्यकता, (कम से कम अनिवार्यता) नहीं है। उदाहरण के लिए यदि देवी माहात्म्य दुर्गासप्तशती के सात सौ मंत्रों का पाठ और तदनुसार अपेक्षित संख्या में हवन आदि द्वारा देवी की साधना की जाती है, तो उसमें समस्त बाह्य विधियों का पालन जरूरी है। किन्तु, यदि भगवती दुर्गा की उपासना उनके बीजनामों से की जाती है, तब बाह्य–साधनों की अनिवार्यता नहीं रहती।

बाह्य–साधन–सापेक्ष उपासना कठिन है। ऐसी साधना के लिए अपेक्षित वस्तु, देश तथा काल आदि की उपलब्धि सहज नहीं होती। ऐसी साधनाओं में विघ्नों का आना स्वाभाविक है। किन्तु, आन्तरिक साधना, साधक यदि अपने को संयत रखे तो, बड़ी सरलता से संपन्न होती है।

योगियों के अनुसार मानव शरीर के विभिन्न अंग–प्रत्यंगों नाड़ी और शिराओं, नाडिगुल्मों और मस्तिष्क आदि में ब्रह्माण्ड सहित समस्त देवी–देवता स्थित हैं। उनकी मान्यता है कि जो कुछ भी ब्रह्माण्ड में है, वह हमारे पिण्ड (शरीर) में भी अपने–अपने अभिधान (नाम) के साथ विद्यमान है। अतः पिण्ड के ज्ञान से ब्रह्माण्ड का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

किन्तु, ब्रह्माण्ड के साथ पिंड की एकात्मकता के लिए, पिण्ड में निहित ब्रह्माण्ड की शक्तियों के ज्ञान या जागरण के लिए, पिंड की रोग–निवृत्ति तथा अन्य अनेक प्रयोजनों से शरीर–साधना करके उकृष्ट फलप्राप्ति के लिए बीजाक्षरों या बीजमंत्रों का जप उनके अर्थ के ज्ञान के साथ ही अर्थ के अनुरूप भावना के साथ किया जाना चाहिए।

वस्तुतः, समस्त योग या तांत्रिक–साधना भावना सापेक्ष ही है। वैसे, भावना का महत्त्व लौकिक जीवन में भी देखा जा सकता है। एक युवती का

स्पर्श उसका पिता, भ्राता, पुत्र और पति या प्रेमी आदि कई व्यक्ति करते हैं। किन्तु उस स्पर्श की भावना के भेद से उनकी स्पर्शानुभूति पृथक्–पृथक् होती है। उस युवती के स्पर्श से उसके प्रेमी के मन और शरीर में जो संवेग उत्पन्न होते हैं, वे एक भाई, पिता या पुत्र को नहीं हो सकते। ठीक इसी प्रकार मंत्रों के अर्थ के अनुरूप भावना के साथ जो जप किया जाता है, उसका प्रभाव निश्चित ही होता है। अनजाना स्पर्श और अभावित मंत्र प्रायः प्रभावहीन होते हैं। लेकिन, प्रायः, हमेशा नहीं।

भावना मनस् का विषय है अर्थात् भावना मन से की जाती है। योग या तांत्रिक साधना में शरीर के विभिन्न अवयवों या केन्द्रों में ब्रह्माण्ड के विभिन्न रूपों की भावना की जाती है। क्योंकि 'यथा ब्रह्माण्डे तथा पिंडे'[४] की मान्यता के अनुसार हमारे पिंड में ब्रह्माण्ड के विभिन्न तत्त्व, पदार्थ या रूप सूक्ष्मरूप से वर्तमान हैं।[५] जिस तरह एक सूक्ष्म वट बीज को अंकुरित और पल्लवित करके उसे पूरे वटवृक्ष का रूपाकार दिया जा सकता है, उसी प्रकार शरीर के अन्दर बीज रूप से वर्तमान ब्रह्माण्ड के विभिन्न रूपाकारों को उनके बीजमंत्रों की साधना से साक्षात् किया जा सकता है, अपने लिए और दूसरों के लिए भी। योगी अपने अन्दर भी विश्व का साक्षात्कार कर सकता है और भगवान् कृष्ण ने जैसे अपने में अर्जुन को समस्त ब्रह्माण्ड का साक्षात्कार कराया था, उसी भांति अन्यों को भी करा सकता है।

शरीर या पिंड की ब्रह्माण्ड साधना के लिए भावना की अनिवार्यता कही जा चुकी है। शरीर के किस अंग में किस लोक, वस्तु या तत्त्व की भावना करनी चाहिए और उसका क्या फल है, इस तथ्य का महर्षि पतञ्जलि ने अपने योग दर्शन में विस्तार से उल्लेख किया हैं। उनके अनुसार नाभिचक्र (मणिपूर) में संयमन करने से समस्त कायव्यूह अर्थात् शरीर की बनावट का ज्ञान हो जाता है – तथा हृदय में मन के संयम से समस्त मनोजगत् का ज्ञान प्राप्त होता है– हृदये चित्तसंवित्।

४. अण्डे लोकालोकगिरिः पिण्डे त्वचः। अण्डे जलधिः पिण्डे रक्तम्। सौन्दर्यलहरी (१०) पर डिंडिमभास्य

५. अंडे ये प्रपंचाः स्युः पिण्डे ते च प्रतिष्ठिताः।
लघुत्वं गुरुत्वञ्चर्ते न भेदस्त्वण्डपिण्डयोः ॥ — योगदीपिका

जिस समय योगी को प्रातिभ ज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह सर्वज्ञ हो जाता है– प्रतिभाद्वा सर्वम् । प्रातिभ ज्ञान से योगी के सांसारिक बंधन क्षीण हो जाते हैं और वह चित्त के प्रचार–संस्थानों को जानकर परकाया में प्रवेश भी कर सकता है –

बंधकारणशैथिल्यात् प्रचारसंवेदनाच्च चित्तस्य परशरीरावेशः ।[६] यहां परशरीरावेश या परकाय प्रवेश से तात्पर्य यह भी है कि योगी समस्त नाडियों के संधिस्थल नाभिचक्र का सम्यग् ज्ञान प्राप्त कर लेने के बाद अपने इस लघु आकार शरीर के साथ ही अपने विराट् रूप को भी यथार्थतः जानकर उससे तादात्म्य प्राप्त कर लेता है ।

शांडिल्योपनिषद् में भी इस विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है । इस के अनुसार तार (भ्रूमध्य) में मन के संयम से अर्थात् मन को लगाने से समस्त विषयों का ज्ञान हो जाता है । नासिका के अग्रभाग में चित्त के संयम से इन्द्र लोक, नासा के निचले भाग में संयम से निम्नलोक, नेत्रों में संयम से सभी लोकों, कर्ण में संयम से यम लोक, कर्ण के पक्ष (कनपटी) में संयम से निर्ऋति लोक, पीठ में संयम से वरुण लोक, बाएं कान में संयम से वायुलोक, कंठ में संयम से चन्द्रलोक, बाई आंख में संयम से शिवलोक, सिर में संयम से ब्रह्मलोक, पैर के निचले भाग में संयम से अतल लोक, पैर में संयम से वितललोक, पाद की संधि में संयमन से नितल लोक, जंघा में संयम से सुतल लोक, जानु (घुटना) में संयम से महातल लोक, उरु में संयम से रसातल लोक, कटि में संयम से तलातल लोक, नाभि में संयम से भूलोक, कुक्षि में संयम से भुवः लोक, भ्रूमध्य में संयम से तपः लोक, मूर्धा में संयम से सत्य लोक, धर्माधर्म में संयम से अतीत अनागत, विभिन्न प्राणियों की ध्वनियों में चित्त लगाने से सभी प्राणियों की ध्वनि, अपने संचित कर्मों में चित्त लगाने से पूर्वजाति (पूर्वजन्म) स्मरण, दूसरे के चित्त में अपना चित्त लगाने से दूसरे के चित्त (विचार) का, अपनी काया में चित्त लगाने से अन्य के लिए अदृश्यता, बल में संयम से हनुमानादि की भांति बल, सूर्य में संयमन से भुवनों का ज्ञान, चन्द्र में संयम से ताराव्यूह का ज्ञान, ध्रुव में

६. पातंजलयोगदर्शनम् –३/३९

संयमन से उसकी गति, नाभिचक्र में कायव्यूह का ज्ञान, कंठकूप में संयम से भूख–प्यास की निवृत्ति, कूर्म नाडी में संयम से स्थिरता, भ्रूमध्य में संयम से सिद्धों के दर्शन, शरीराकाश (हृदयाकाश) में संयम से आकाश में गमन तथा शरीर के अन्य स्थानों पर मन के संयम से विभिन्न लोकों की सिद्धि, होती है।[७]

इस प्रकार मानव शरीर के विभिन्न अंगों में समस्त ब्रह्माण्ड तथा उनके अधिष्ठाता देवी–देवता स्थित हैं। इनके साथ ही उनके नामों के बीजाक्षर भी वहीं हैं। इन देवताओं के बीज नामों के भावना सहित जप से ब्रह्माण्ड के उस लोक तथा उस देवता का साक्षात्कार या ज्ञान होता है, जिससे वह बीजनाम संबन्धित होता है।

एक प्रश्न बार–बार किया जाता है कि शास्त्रों या पुस्तकों में पढ़कर मंत्र–साधना करनी चाहिए अथवा नहीं? बहुत सी प्रामाणिक पुस्तकों और व्यक्तियों ने कहा है कि केवल पुस्तकें पढ़कर उनके आधार पर मंत्रसाधना करने से लाभ की अपेक्षा हानि की संभावना अधिक है। इसमें सच्चाई हो सकती है, बहुत से मामलों में है भी। लेकिन, सिद्ध और सामान्य मंत्रों की साधना शास्त्र में बताई गई विधि से संपन्न की जा सकती है। ऐसी साधना यदि भावना के साथ की जाय तो उसके सफल होने में शक की गुंजाइश नहीं है।

आखिर, पुस्तकों में लिखी हुई मंत्रराशि के उपयोग के लिए प्रमाणिक गुरु ढूंढने कोई कहां–कहां भटके? गुरु गलियों–गलियों में तो मिलते नहीं। तो, फिर किया क्या जाय? उपाय यही है कि यदि मंत्रोपासना किसी शुभ कार्य हेतु करनी है, तो गुरु की प्रतीक्षा किये बिना आरंभ कर देनी चाहिए, गुरु के मिलने की प्रतीक्षा में बैठे नहीं रहना चाहिए।

हमारे ग्रंथों में लिखित बहुत सी साधनाएं, मंत्रराशि और ज्ञान–विज्ञान सदियों से निष्प्रयोज्य, अप्रयुक्त पड़े हैं, उन पर विस्मरण और भ्रांति की धूल जमा हो रही है। यह इसलिए कि उन्हें सिखाने–बताने वाले

७. शांडिल्योपनिषद्, प्रथमाध्याये।

गुरुओं की खोज अब भी जारी है। हममें वह साहस और आकांक्षा है ही नहीं कि शास्त्र–विधि के अनुसार उन मंत्रों की साधना और प्रयोग स्वयं करके देखें। मंत्र तो विशुद्ध आध्यात्मिक विज्ञान हैं। इनके व्यावहारिक प्रयोग की कोशिश होनी चाहिए। केवल इस डर से कि इनकी बिना गुरु साधना करने से हानि होगी, इनकी प्रमाणिकता को प्रश्नों के घेरे में बन्द कर बैठे नहीं रहना चाहिए।

भौतिक विज्ञान की जानकारी के लिए क्या पुस्तकों की उपयोगिता नहीं है? किसी औषधि का निर्माण क्या पुस्तकें पढ़कर नहीं किया जा सकता ? क्या हम इन सब के लिए पुस्तकों में निहित ज्ञान और प्रक्रिया के प्रति अविश्वास करके योग्य गुरु की खोज में ही लगे रहते हैं? क्या पुस्तकों से ज्ञान का सैद्धान्तिक और व्यावहारिक प्रचार–प्रसार नहीं होता? यदि ऐसा नहीं है, तो मंत्र–विज्ञान की जानकारी और उसके प्रयोगात्मक उपयोग के लिए हम गुरुओं की प्रतीक्षा क्यों करें?

यह ठीक है कि योग्य गुरुओं से किसी प्रकार का भी ज्ञान–विज्ञान सरलता से ग्रहण किया जा सकता है। किन्तु, जितना और जहां तक संभव है, हमें प्रमाणिक ऋषियों–मुनियों, साधकों तथा उपासकों द्वारा लिखित और परंपराप्राप्त मंत्रों की साधना शास्त्रों में बताई विधियों के अनुसार अथवा स्वयं आविष्कृत विधि से आरंभ करने में अनिष्ट की आशंका नहीं करनी चाहिए।

साधना में शास्त्रों की उपयोगिता का प्रतिपादन करते हुए योगकुण्डल्युपनिषद् में भी कहा गया है कि –

शास्त्रं विनापि संबोद्धुं गुरवोऽपि न शक्नुयुः,
तस्माद् दुर्लभतरं लभ्यं शास्त्रमिदं मुने।
यावन्न लभ्यते शास्त्रं तावद् भुवि पर्यटेत् यतिः,
यदा संलभ्यते शास्त्रं तदा सिद्धिः करे स्थिता।
न शास्त्रेण विना सिद्धि दृष्टा चैव जगत् त्रये,
तस्मान्मेलनदातारं शास्त्रदातारमेव च।
तदभ्यासप्रदातारं शिवं मत्वा समाश्रयेत्।

卐

महाशक्ति दुर्गा की उपासना–विधि

महाशक्ति दुर्गा की उपासना के लिए प्रथम आवश्यकता उचित स्थान के चुनाव की है। शास्त्रों में कोई भी पवित्र क्षेत्र, नदी का तट, गुफा–पर्वत–शिखर, तीर्थ स्थान, नदी–संगम, पवित्र जलाशय, उद्यान, घाटी, देव मंदिर, सागर–तट तथा स्वयं साधक का अपना घर उपासना के लिये उत्तम स्थान कहे गये हैं।[१]

उपासना में प्रवृत्त होने पर सबसे प्रथम अपने बाह्य और आभ्यन्तर शरीर (तन, मन, बुद्धि आदि बाह्य एवं आन्तरिक अंगोपांगों) को पवित्र करने की भावना के साथ निम्न मंत्र का उच्चारण किया जाना चाहिये –

ॐ अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत्पुंडरीकाक्षं स बाह्याभ्यन्तरः शुचिः।।

स्थान के चुनाव के पश्चात् कुश या ऊन के आसन पर बैठने से पूर्व उस आसन की शुद्धि कर लेनी चाहिये। आसन की शुद्धि के लिये जगत् को धारण करने वाली भगवती पृथ्वी से निम्न मंत्र से प्रार्थना की जानी चाहिये –

ॐ पृथ्वि त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि ! पवित्रं कुरु चासनम्।।

इसके पश्चात् पूर्वाभिमुख बैठकर ललाट में चन्दनादि का टीका लगाकर

---

१. पुण्यक्षेत्रं नदीतीरं गुहापर्वतमस्तकम्।
तीर्थप्रदेशः सिन्धूनां संगमं पावनं सरः।।१।।
उद्यानानि विचित्राणि बिल्वमूलं तटं गिरेः।
देवाद्यायतनं कूलं समुद्रस्य निजं गृहम्।।२।।

तत्त्वशुद्धि की क्रिया की जानी चाहिये। तत्त्व शुद्धि के लिये भावना के साथ क्रमशः निम्न मंत्रों का उच्चारण करना चाहिये–

ॐ ऐं आत्मतत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा (आचमन करें)
ॐ ह्रीं विद्यातत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा (पुनः आचमन)
ॐ क्लीं शिवतत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा (आचमन)
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं सर्वतत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा।। (आचमन)

तदनन्तर गणेश तथा शिव आदि देवताओं और अपने गुरु की स्तुति एवं नमन के उपरान्त अनामिका अंगुली में कुश की पवित्री धारण करके दाएं हाथ में लाल पुष्प, अक्षत (बिना टूटे हुए चावल) एवं जल लेकर 'श्री तंत्र दुर्गासप्तशती' के पाठ या जप और हवन आदि का संकल्प निम्न प्रकार से लेना चाहिए –

'ॐ विष्णु र्विष्णुर्विष्णुः। ॐ नमः परमात्मने।

श्री पुराणपुरुषोत्तमस्य श्री विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य अद्य श्री ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरेऽष्टाविंशतितमे कलियुगे प्रथमचरणे भारतवर्षान्तर्गते पुण्यप्रदेशे** फलप्राप्तिकामः श्री नवदुर्गाप्रसादेन सर्वबाधाविनिर्मुक्तः ***नामाहं श्री महाकालीमहालक्ष्मी महासर –स्वतीदेवताप्रीत्यर्थं श्रीतंत्रदुर्गासप्तशतीपुस्तकस्थापनपूजनपूर्वकं तांत्रिकशापोद्धारोत्कीलनमृतसंजीवनीविद्याया यथाविहितपाठ(जप)पुरःसरं तंत्रोक्तरात्रिसूक्तपाठानन्तरं (जपानन्तरं) यथाविहितनवार्णजपतांत्रिक– सप्तशतीन्यासध्यानपूर्वकं च 'ॐ ऐं श्रीं नमः' इत्यारभ्य 'ॐ ऐं ओं नमः' इत्यन्तं श्री तंत्रदुर्गासप्तशतीपाठं, तदन्ते च यथाविहितं न्यासादि –सहितनवार्णजपं तांत्रिकसप्तशती न्यासध्यानपूर्वकं च तांत्रिकदेवी –सूक्तपाठं (जपं) च करिष्ये।

संकल्प करने के बाद पुष्पाक्षत सहित जल को धरती पर डाल देना चाहिये।

** क्षेत्र या प्रदेश का नाम लें।
*** अपना नाम लें।

इसके बाद किसी पीठिका या छोटी चौकी पर पुस्तक की स्थापना करके उसमें भगवती की भावना करते हुए —

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणता स्म ताम् ॥

अथवा 'ॐ ऐं ह्रीं नमः' इस बीजमंत्र से पुस्तक की पंचोपचार पूजा करनी चाहिए।

इसके पश्चात् भगवती सप्तशती दुर्गा के यंत्र का निर्माण करके उसके विभिन्न भागों में निर्देशानुसार भगवती दुर्गा तथा अन्य देवी—देवताओं की स्थापना और षोडशोपचार पूजन संपन्न किया जाना चाहिये। दुर्गा—यंत्र विभिन्न ग्रन्थों में कुछ भिन्नता लिये मिलता है, किन्तु दुर्गा सप्तशती के अनुसार इसका निर्माण पूर्वादिक्रम (बाएं से दाएं) से किया जाना ही उचित है। यंत्र मुखपृष्ठ पर देखें।

दुर्गायन्त्रनिर्माणविधिः

त्रिकोणे—३। त्रिकोणाद्बाह्ये—६। षट्कोणेषु—६।
षट्कोणबाह्ये—४
अष्टपत्रेषु—२४। चतुर्विंशतिदलेषु—२४।
चतुर्विंशतिदलेभ्यो बाह्ये—
दिक्पालाः—१० आयुधानि—१०
भूपुरबाह्ये ४।

'यन्त्रस्थदेवता परिचयः'

१—	**त्रिकोणे बिन्दुमध्ये**	ह्रीं
२—	**त्रिकोणमध्ये**	ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे।
		ॐ मं मङ्गलायै नमः।
३—	**त्रिकोणाद्बाह्ये**	ॐ ब्रह्मणे नमः।
	पूर्वे	ॐ सरस्वत्यै नमः।
	नैर्ऋत्यकोणे—	ॐ विष्णवे नमः।
		ॐ श्रियै नमः।

वायव्यकोणे—	ॐ शिवाय नमः।
	ॐ उमायै नमः।
४— षट्कोणेषु पूर्वादिक्रमेण	ॐ नं नन्दजायै नमः।
	ॐ रं रक्तदन्तिकायै नमः।
	ॐ शां शाकंभर्य्यै नमः।
	ॐ दुं दुर्गायै नमः।
	ॐ भीं भीमायै नमः।
	ॐ भ्रां भ्रामर्यै नमः।

५— षट्कोणबाह्ये (वाहनादीनि)

दक्षिणे—	ॐ मं महिषाय नमः।
	ॐ कां कालाय नमः।
उत्तरे—	ॐ सिं सिंहाय नमः।
	ॐ मृं मृत्यवे नमः।

६— अष्टपत्रेषु पूर्वादिक्रमेण

पूर्वे—	ॐ जं जयायै नमः।
	ॐ ब्रां ब्राह्म्यै नमः।
	ॐ अं असिताङ्गभैरवाय नमः।
आग्नेय कोणे—	ॐ दों दोग्ध्र्यै नमः।
	ॐ वां वाराह्यै नमः।
	ॐ भीं भीषणभैरवाय नमः।
दक्षिणे—	ॐ अं अजितायै नमः।
	ॐ मां माहेश्वर्य्यै नमः।
	ॐ चं चण्डभैरवाय नमः।
नैर्ऋत्यकोणे—	ॐ अं अघोरायै नमः।
	ॐ नां नारसिंह्यै नमः।
	ॐ सं संहारभैरवाय नमः।
पश्चिमे—	ॐ निं नित्यायै नमः।
	ॐ कौं कौमार्यै नमः।
	ॐ उं उन्मत्तभैरवाय नमः।

वायव्यकोणे— ॐ विं विलासिन्यै नमः।
ॐ ऐं ऐन्द्र्यै नमः।[1]
ॐ कं कपालभैरवाय नमः।

उत्तरे— ॐ विं विजयायै नमः।
ॐ वैं वैष्णव्यै नमः।
ॐ रुं रुरुभैरवाय नमः।

ईशान कोणे— ॐ अं अपराजितायै नमः।
ॐ चां चामुण्डायै नमः।
ॐ क्रों क्रोधभैरवाय नमः।

७—चतुर्विंशतिदलेषु पूर्वादिक्रमेण:—

ॐ विं विष्णुमायायै नमः१। ॐ चें चेतनायै नमः२।
ॐ बुं बुद्ध्यै नमः३। ॐ निं निद्रायै नमः४।
ॐ क्षुं क्षुधायै नमः५। ॐ छां छायायै नमः६।
ॐ शं शक्त्यै नमः७। ॐ तृं तृष्णायै नमः८।
ॐ क्षां क्षान्त्यै नमः९। ॐ जां जात्यै नमः१०।
ॐ लं लज्जायै नमः११। ॐ शां शान्त्यै नमः१२।
ॐ श्रं श्रद्धायै नमः१३। ॐ क्रां कान्त्यै नमः१४।
ॐ लं लक्ष्म्यै नमः१५। ॐ धृं धृत्यै नमः१६।
ॐ वृं वृत्त्यै नमः१७। ॐ स्मृं स्मृत्यै नमः१८।
ॐ दं दयायै नमः१९। ॐ तुं तुष्ट्यै नमः२०।
ॐ पुं पुष्ट्यै नमः२१। ॐ मां मात्रे नमः२२।
ॐ भ्रां भ्रान्त्यै नमः२३। ॐ चिं चित्यै नमः२४।

१. ऐन्द्री के स्थान पर अपराजिता का उल्लेख मिलता है। वास्तव में, ऐन्द्री ही अपराजिता है।

८– **चतुर्विंशतिदलेभ्यो बाह्ये पूर्वादिक्रमेण**

दिग्पालाः

लं इन्द्राय नमः १। रं अग्नये नमः।२
मं यमाय नमः३। क्षं निर्ऋतये नमः४।
वं वरुणाय नमः५। यं वायवे नमः६।
सं सोमाय नमः७। हं ईशानाय नमः८।
ई॰पू॰ मध्ये – अं ब्रह्मणे नमः९।
प॰नि॰ मध्ये – ह्रीं अनन्ताय नमः१०।

आयुधानि

ॐ वं वज्राय नमः१। ॐ शं शक्तये नमः२।
ॐ दं दण्डाय नमः३। ॐ खं खड्गाय नमः४।
ॐ पां पाशाय नमः५। ॐ अं अंकुशाय नमः६।
ॐ गं गदायै नमः७। ॐ त्रिं त्रिशूलाय नमः८।
ॐ ई॰पू॰ पं पद्माय नमः९। ॐ प॰नि॰ चं चक्राय नमः१०।

९–भूपुरबाह्ये चतुष्कोणेषु

आग्नेय्याम्–क्षं क्षेत्रपालाय नमः१। **नैर्ऋत्याम्**–वं वटुकाय नमः२।
वायव्ये–यों योगिनीभ्यो नमः३। **ऐशान्याम्**–गं गणपतये नमः४।

उपर्युक्त विधि से सप्तशती यंत्र का निर्माण करके उसमें भगवती दुर्गा, अन्य देवी–देवताओं, दिक्पाल, आयुध तथा वाहन आदि का आवाहन करके षोडशोपचार से उनकी पूजा–अर्चना निम्न प्रकार से की जानी चाहिये–

षोडशोपचार दुर्गापूजनम्

संकल्पः

ॐ अद्येत्यादि मम 'अमुकगोत्रोत्पन्नयजमानस्य' इह जन्मनि सर्वापच्छान्तिपूर्वकदीर्घायुर्विपुलपुत्रपौत्राद्यविच्छिन्नसन्ततिवृद्धि स्थिरलक्ष्मीकीर्तिलाभशत्रुपराजयादिपुरःसरं चतुर्विधपुरुषार्थसिद्धये श्रीदुर्गापूजनमहं करिष्ये (कारयिष्ये)।

ध्यानम्

ॐ विद्युद्दामसमप्रभां मृगपतिस्कन्धस्थितां भीषणां
कन्याभिः करवालखेटविलसद्धस्ताभिरासेविताम्।
हस्तैश्चक्रगदेषुखेटविशिखांश्चापं गुणं तर्जनीं
विभ्राणामनलात्मिकां शशिधरां दुर्गां त्रिनेत्रां भजे।।

१. *आवाहनम्* –

आगच्छ वरदे देवि दैत्यदर्पनिषूदिनि।
पूजां गृहाण सुमुखि नमस्ते शङ्करप्रिये।।*

२. *आसनम्* –

अनेकरत्नसंयुक्तं नानामणिगणान्वितम्।
कार्तस्वरमयं दिव्यमासनं प्रतिगृह्यताम्।।

३. **पाद्यम्** –

गङ्गादिसर्वतीर्थेभ्यो मया प्रार्थनयाहृतम्।
तोयमेतत् सुखस्पर्शं पाद्यार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

४. **अर्घ्यम्** –

गन्धपुष्पाक्षतै र्युक्तमर्घ्यं सम्पादितं मया।
गृहाण त्वं महादेवि प्रसन्ना भव सर्वदा।।

५. *आचमनम्* –

आचम्यतां त्वया देवि भक्तिं मे ह्यचलां कुरु।
ईप्सितं मे वरं देहि परत्र च परां गतिम्।।

६. *स्नानम्* –

जाह्नवीतोयमानीतं शुभं कर्पूरसंयुतम्।
स्नापयामि सुरश्रेष्ठे त्वां पुत्रादिफलप्रदाम्।।

---

* नित्य पूजा में या मंदिर में पूजन करते समय देवी का आवाहन और विसर्जन नहीं किया जाता।

पञ्चामृतस्नानम्

पयोदधिघृतं क्षौद्रं सितया च समन्वितम्।
पञ्चामृतमनेनाद्य कुरु स्नानं महेश्वरि।।

शुद्धोदकस्नानम्

परमानन्दबोधाब्धिनिमग्नानिजमूर्तये।
साङ्गोपाङ्गमिदं स्नानं कल्पयामि सुरेश्वरि।

७. वस्त्रम् –

वस्त्रं च सोमदैवत्यं लज्जायास्तु निवारणम्।
मया निवेदितं भक्त्या गृहाण परमेश्वरि।।

८. आभूषणम् –

हारकङ्कणकेयूरमेखलाकुण्डलादिकम्।
रत्नाढ्यं कुण्डलोपेतं भूषणं प्रतिगृह्यताम्।।

सिन्दूरम्

सिन्दूरमरुणाभासं जपाकुसुमसन्निभम्।
पूजितासि मया देवि प्रसीद परमेश्वरि।।

कज्जलम्

चक्षुर्भ्यां कज्जलं रम्यं सुभगे शान्तिकारके।
कर्पूरज्योतिरुत्पन्नं गृहाण परमेश्वरि।।

सौभाग्यद्रव्यम्

सौभाग्यसूत्रं वरदे सुवर्णमणिसंयुते।
कण्ठे बध्नामि देवेशि सौभाग्यं देहि मे सदा।।

सुगन्धितैलम्

चन्दनागरुकर्पूरकुङ्कुमं रोचनं तथा।
कस्तूर्यादिसुगन्धांश्च सर्वाङ्गेषु विलेपनम्।।

परिमलद्रव्यम्

हरिद्रारञ्जिते देवि सुखसौभाग्यदायिनि।
तस्मात् त्वां पूजयाम्यद्यसुखं शान्तिं प्रयच्छ मे।।

अक्षतान्

रञ्जिताः कुंकुमौघेन अक्षताश्चातिशोभनाः।
मामेषां देवि दानेन प्रसन्ना भव शोभने।।

पुष्पाणि

मन्दारपारिजातादि पाटलीकेतकानि च।
जातीचम्पकपुष्पाणि गृहाणेमानि शोभने।।

बिल्वपत्रम्

अमृतोद्भवश्रीवृक्षो महादेवि प्रियः सदा।
बिल्वपत्रं प्रयच्छामि पवित्रं ते सुरेश्वरि।।

९. *गन्धम्* –

परमानन्दसौभाग्यपरिपूर्णदिगन्तरे।
गृहाण परमं गन्धं कृपया परमेश्वरि।।

कुङ्कुमम्

कुङ्कुमं कान्तिदं दिव्यं कामिनीकामसंभवम्।
कुङ्कुमेनार्चिते देवि प्रसीद परमेश्वरि।।

१०. पुष्पमालाम् –

सुरभिपुष्पनिचयै ग्रथितां पुष्पमालिकाम्।
ददामि तव शोभार्थं गृहाण परमेश्वरि।।

११. *धूपम्* –

दशाङ्गगुग्गुलंधूपंचन्दनागरुसंयुतम्।
समर्पितं मया भक्त्या महादेवि प्रगृह्यताम्।।

१२. *दीपम्* –

घृतवर्तिसमायुक्तं महातेजो महोज्ज्वलम्।
दीपं ददामि देवेशि सुप्रीता भव सर्वदा।।

१३. *नैवेद्यम्* –

अन्नं चतुर्विधं स्वादु रसैः षड्भिः समन्वितम्।
नैवेद्यं गृह्यतां देवि भक्तिं मे ह्यचलां कुरु।।

ताम्बूलपूगीफलानि

एलालवङ्गकस्तूरीकर्पूरैः पुष्पवासिताम्।
वीटिकां मुखवासार्थमर्पयामि सुरेश्वरि।।

१४. *नमस्कारम्* –

सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिस्वरूपिणि।
पूजां गृहाण कौमारि जगन्मात र्नमोऽस्तुते।।

आरतिकम्

नीराजनं सुमाङ्गल्यं कर्पूरैः समन्वितम्।
चन्द्रार्कवह्निसदृशं महादेवि नमोऽस्तुते।।

पुष्पाञ्जलिः

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः
स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि।
दारिद्र्यदुःखभयहारिणि का त्वदन्या
सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता।।

१५. *प्रदक्षिणा* –

नमस्ते देवि देवेशि नमस्ते ईप्सितप्रदे।
नमस्ते जगतां धात्रि नमस्ते भक्तवत्सले।।

१६. *विसर्जनम्* –

इमां पूजां मया देवि यथाशक्त्या महेश्वरि।
रक्षार्थं त्वं समादाय व्रज स्थानं यथोत्तमम्।।*

भगवती की षोडशोपचार पूजा के उपरान्त शापोद्धार आदि की क्रिया संपन्न कर लेनी चाहिए। शापोद्धार के लिए '**ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं क्रां क्रीं चण्डिकादेव्यै शापनाशानुग्रहं कुरु कुरु स्वाहा**' इस मंत्र का 7 बार (पाठ के अन्त में भी ७ बार) जप करना चाहिये।

इसके बाद – **ॐ श्रीं क्लीं ह्रीं सप्तशति चण्डिके उत्कीलनं कुरु कुरु स्वाहा**' इस उत्कीलन–मंत्र का २१ बार (अन्त में भी २१ बार) जप करना चाहिये।

उत्कीलन के उपरान्त मृतसंजीवनी मंत्र '**ॐ ह्रीं ह्रीं वं वं ऐं ऐं मृतसंजीवनि विद्ये मृतमुत्थापयोत्थापय क्रीं ह्रीं ह्रीं वं स्वाहा**' इस मंत्र का ७ बार (अन्त में भी ७ बार) पाठ करना चाहिये।

शापोद्धारादि के पश्चात् तंत्र दुर्गासप्तशती के निम्नांकित तंत्रोक्त रात्रिसूक्त का पाठ (जप) करना चाहिये–

***ॐ ऐं ह्रीं नमः१। ॐ ऐं स्रां (स्त्रां) नमः२।**
ॐ ऐं स्लूं नमः३। ॐ ऐं क्रैं नमः४।
ॐ ऐं त्रां नमः५। ॐ ऐं फ्रां नमः६।
ॐ ऐं जीं नमः७। ॐ ऐं लूं नमः८।
ॐ ऐं स्लूं नमः९। ॐ ऐं नों नमः१०।
ॐ ऐं स्त्रीं नमः११। ॐ ऐं प्रूं नमः१२।
ॐ ऐं सूं नमः१३। ॐ ऐं जां नमः१४।
ॐ ऐं बौं नमः१५। ॐ ऐं ओं नमः१६।**

---

* नित्य पूजा में देवी का विसर्जन नहीं किया जाता।

* तंत्र दुर्गासप्तशती के साधक विद्वद्वर श्री शिवदत्त शास्त्री के अनुसार 'तंत्र दुर्गासप्तशती के पाठ में षडंग (कवच, अर्गला, कीलक, प्राथमिक रहस्य, वैकृतिक रहस्य तथा मूर्ति रहस्य) पाठ नहीं करना चाहिये।

** पाठान्तर

नवार्ण मंत्र का विनियोग–न्यासादि

तांत्रिक रात्रिसूक्त के पाठ या जप के उपरान्त नवार्ण मंत्र का कम से कम १०८ बार जप किया जाना चाहिये। नवार्ण मंत्र के जप के पहले इस महामंत्र का विनियोग, न्यास तथा ध्यान आदि सम्पन्न किये जाने का विधान है।

विनियोग

नवार्ण मंत्र का जप आरंभ करने से पहले ऋषि, छन्द, देवता, बीज, शक्ति तथा कीलक का उल्लेख करने वाले निम्नांकित मंत्र को पढ़ते हुए इसका विनियोग सम्पन्न करना चाहिये –

श्रीगणपतिर्जयति। ॐ नवार्णमंत्रस्य ब्रह्मविष्णुरुद्रा ऋषयः, गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांसि श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवता, ऐं बीजम्, ह्रीं शक्तिः, क्लीं कीलकम्, श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

न्यास

न्यास क्रिया में मंत्रों को चेतन और मूर्तिमान मानकर उन–उन अंगों का नाम लेकर उन मंत्ररूप देवताओं का ही स्पर्श और वन्दन किया जाता है। ऐसा करने से पाठ या जप करने वाला व्यक्ति मंत्रमय हो जाता है तथा मंत्र में अधिष्ठित देवता उसकी रक्षा करते हैं। इसके अतिरिक्त न्यास द्वारा उसके बाहर–भीतर की शुद्धि होती है। इसमें साधक को असीम दैवी शक्ति प्राप्त होती है और उसकी साधना निर्विघ्न पूर्ण होती है।

न्यास पांच प्रकार के होते हैं

1. ऋष्यादिन्यास 2. करन्यास 3. हृदयादिन्यास

4. अक्षरन्यास, तथा 5. दिङ्न्यास।

ऋष्यादिन्यास

ऋष्यादि न्यास में निम्नांकित पांच मंत्रों का अलग–अलग उच्चारण करते हुए क्रमशः सिर, मुख, हृदय, गुदा, दोनों चरण तथा नाभि–इन पांच अंगों को दाहिने हाथ की अंगुलियों से स्पर्श करना चाहियेः–

ब्रह्मविष्णुरुद्रऋषिभ्यो नमः,(शिरसि)। गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्छन्दोभ्यो नमः, (मुखे)। महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीदेवताभ्यो नमः, (हृदि)। ऐं बीजाय नमः, (गुह्ये)। ह्रीं शक्तये नमः, (पादयोः)। क्लीं कीलकाय नमः, (नाभौ)। तदनन्तर *'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे', इस मूलमन्त्र का उच्चारण करते हुए दोनों हाथों का परस्पर स्पर्श करके कर–शुद्धि करनी चाहिये।

करन्यास

करन्यास में हाथ की विभिन्न अँगुलियों, हथेलियों और हाथ के पृष्ठ भाग में निम्न बीजमन्त्रों का न्यास (स्थापन) किया जाता है–

ॐ ऐं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः

(दोनों हाथों की तर्जनी अँगुलियों से दोनों अँगूठों का स्पर्श करें)

ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः

(दोनों हाथों की तर्जनी अँगुलियों से दोनों अँगूठों का स्पर्श करें)

ॐ क्लीं मध्यमाभ्यां नमः

(अँगूठों से दोनों मध्यमा अँगुलियों का स्पर्श करें)

ॐ चामुण्डायै अनामिकाभ्यां नमः

(अँगूठों से अनामिका अँगुलियों का स्पर्श करें)

ॐ विच्चे कनिष्ठिकाभ्यां नमः

(अँगूठों से कनिष्ठिका अँगुलियों का स्पर्श करें)

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः

(हथेलियों और उनके पृष्ठ भागों का परस्पर स्पर्श करें)

* नवार्ण मंत्र के आरम्भ में ॐ लगाने की आवश्यकता नहीं है।

हृदयादिन्यास

हृदयादिन्यास में निम्नांकित मंत्र पढ़ते हुए दाहिने हाथ की पाँचों अँगुलियों से हृदय आदि अंगों का स्पर्श किया जाता है।

ॐ ऐं हृदयाय नमः

(दाहिने हाथ की पाँचों अँगुलियों से हृदय का स्पर्श करें।

ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा

(सिर का स्पर्श करें)

ॐ क्लीं शिखायै वषट्

(शिखा का स्पर्श करें)

ॐ चामुण्डायै कवचाय हुम्

(दाहिने हाथ की अँगुलियों से बाएं कंधे का और बाएं हाथ की अँगुलियों से दाहिने कंधे का एक साथ ही स्पर्श करें)

ॐ विच्चे नेत्रत्रयाय वौषट्

(दाहिने हाथ की अँगुलियों से दोनों नेत्रों तथा ललाट के मध्य भाग का स्पर्श करें)

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे अस्त्राय फट्

(यह मंत्र पढ़कर दाहिने हाथ को सिर के ऊपर से बाँयी ओर से पीछे की ओर ले जाकर दाहिनी ओर से आगे की ओर ले आयें तथा तर्जनी तथा मध्यमा अँगुलियों से बायें हाथ की हथेली पर ताली बजाएं।)

अक्षरन्यास

निम्नांकित मंत्रों को पढ़ते हुए क्रमशः शिखा आदि का दाहिने हाथ की अँगुलियों से स्पर्श करें–

ॐ ऐं नमः शिखायाम्। **ॐ ह्रीं नमः** दक्षिणनेत्रे।
ॐ क्लीं नमः वामनेत्रे। **ॐ चां नमः** दक्षिणकर्णे।

ॐ मुं नमः वामकर्णे। **ॐ डां नमः** दक्षिणनासापुटे।
ॐ यैं नमः वामनासापुटे। **ॐ विं नमः** मुखे।
ॐ विच्चें नमः गुह्ये।

इस प्रकार अक्षरन्यास करके **ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे**, इस मन्त्र को आठ बार पढ़ते हुए दोनों हाथों द्वारा सिर से लेकर पैर तक सभी अंगों का स्पर्श करें।

दिङ्न्यास

दिङ्न्यास में निम्नांकित दस मंत्रों को पढ़ते हुए क्रमशः मंत्र के देवताओं की स्थापना चुटकी बजाते हुए दशों दिशाओं में करें।

ॐ ऐं प्राच्यै नमः। ॐ ऐं आग्नेय्यै नमः।
ॐ ह्रीं दक्षिणायै नमः। ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यै नमः।
ॐ क्लीं प्रतीच्यै नमः। ॐ क्लीं वायव्यै नमः।
ॐ चामुण्डायै उदीच्यै नमः। ॐ चामुण्डायै ऐशान्यै नमः।
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ऊर्ध्वाय नमः।
ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे भूम्यै नमः।

ध्यानम्

महाकाली

खड्गं चक्रगदेषुचापपरिघाञ्छूलम्भुशुण्डीं शिरः
शंङ्खं संदधतीङ्करैस्त्रिनयनां सर्वाङ्गभूषावृताम्।
नीलाश्मद्युतिमास्यपाददशकां सेवे महाकालिकां
यामस्तौत्स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुं कैटभम्॥ १॥

महालक्ष्मी

अक्षस्रक्परशुं गदेषुकुलिशं पद्मं धनुःकुण्डिकां
दण्डं शक्तिमसिं च चर्मजलजं घण्टां सुराभाजनम्।
शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रसन्नाननाम्।
सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम्॥ २॥

महासरस्वती

घण्टाशूलहलानि शङ्खमुसले चक्रं धनुःसायकं
हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम्।
गौरीदेहसमुद्भवां त्रिजगतामाधारभूतां महा
पूर्वामत्र सरस्वतीमनुभजे शुम्भादिदैत्यार्दिनीम्।। ३।।

माला पूजन मंत्र

भगवती के ध्यान के बाद **'ऐं ह्रीं अक्षमालिकायै नमः'** मन्त्र से माला की पूजा करके निम्न मन्त्र से माला की प्रार्थना करनी चाहिये–

ॐ मां माले महामाये सर्वशक्तिस्वरूपिणि।
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्तस्तस्मात् मे सिद्धिदा भव।। १।।
ॐ अविघ्नं कुरु माले त्वं गृह्णामि दक्षिणे करे।
जपकाले च सिद्ध्यर्थं प्रसीद मम सिद्धये।। २।।

इसके बाद – **'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे'** इस मंत्र का १०८ बार जप करे। जप पूर्ण करने के पश्चात्

गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिर्भवतु मे देवि त्वत्प्रसादात् महेश्वरि।।

यह श्लोक पढ़कर भावना पूर्वक देवी के बाएं हाथ में जप का फल समर्पित कर देना चाहिये।

इतिनवार्णजपविधिः

श्रीतन्त्रदुर्गासप्तशती का विनियोग–न्यास–ध्यानादि।

नवार्ण मंत्र का विधि के अनुसार जप पूर्ण करने के बाद सप्तशती का विनियोग न्यास और ध्यान करना चाहिये।

विनियोग:

प्रथममध्यमोत्तमचरित्राणां ब्रह्माविष्णुरुद्रा ऋषय: श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवता:, गायत्र्युष्णिगनुष्टुभश्छन्दांसि नन्दाशाकंभरीभीभा: शक्तय:, रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामर्यो बीजानि, अग्निवायुसूर्यास्तत्त्वानि, ऋग्यजु:सामवेदा ध्यानानि, सकलकामनासिद्धये श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वती प्रीत्यर्थे जपे विनियोग:।

करन्यास:

१. ॐ ऐं स्लूं नम: अङ्गुष्ठाभ्यां नम:।
२. ॐ ऐं फ्रें नम: तर्जनीभ्यां नम:।
३. ॐ ऐं क्रीं नम: मध्यमाभ्यां नम:।
४. ॐ ऐं म्लूं नम: अनामिकाभ्यां नम:।
५. ॐ ऐं घ्रैं नम: कनिष्ठिकाभ्यां नम:।
६. ॐ ऐं श्रूं नम: करतलकरपृष्ठाभ्यां नम:।

---

१. खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा।
